CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -276 राजनांदगांव, रविवार 25 अगस्त 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# 'अंतिम चरण में नक्सलवाद से लड़ाई': अमित शाह बोले- मार्च 2026 तक पूरी तरह नक्सल समस्या से मुक्त होगा देश

रायपुर। नक्सलवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई अंतिम चरण में है। हम मार्च 2026 तक देश को पूरी तरह से नक्सल समस्या से मुक्त कर देंगे। अब समय आ गया है कि वामपंथी उग्रवाद की समस्या पर एक मजबूती के साथ रुथलेस रणनीति के साथ अंतिम प्रहार किया जाए। उग्रवाद हमारे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए बड़ा चैलेंज है। ये बातें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर के मेफेयर लेक रिसोर्ट में नक्सल प्रभावित सात राज्यों की वामपंथी उग्रवाद पर समीक्षा बैठक और अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक में कहीं।

उन्होंने कहा कि आज की मीटिंग में मेरे साथी नित्यानंद, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम, डीजी और डीआईजी उपस्थित रहे। आज की मीटिंग में छत्तीसगढ़ से जुड़े हुए सभी राज्यों के डीजी और चीफ सेक्रेटरी बुलाए गए थे, क्योंकि हम छत्तीसगढ़ की नक्सल समस्या को एड्रेस करते हुए पड़ोसी राज्यों का इको सिस्टम भी मजबूत होना जरूरी है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में इन्फ्रास्ट्रक्चर की प्रगति और उसकी समस्याओं को दूर करने के संबंध में यह मीटिंग थी।




### केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का 100 प्रतिशत क्रियान्वयन

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिलों में केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का 100त्र क्रियान्वयन हो रहा है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर के जो प्रोजेक्ट हैं उनकी प्रगति और प्रगति के रास्ते में जो बाधायें आ रही हैं, उसे दूर करने के लिए यह बैठक थी और कल यानी रविवार को भी होगी। सुरक्षा बलों और नागरिकों की मृत्यु में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### छत्तीसगढ़ सरकार की तारीफ

केंद्रीय गृहमंत्री ने प्रदेश सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के उठाए गए कदमों के कारण पिछले 7 महीनों में राज्य सरकार ने इससे पहले अब तक की इसी अवधि में बहुत बेहतर काम किया है। उन्होंने कहा कि इन 7 महीनों में सबसे अधिक नक्सली मारे गए हैं। सबसे अधिक नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है और गिरफ्तार किए गए हैं। वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ अभियान को और गति देने के लिए सभी पुलिस महानिदेशकों को अपने राज्यों में हर सप्ताह नक्सल ऑपरेशन में लगी टीम के साथ बैठक कर कार्ययोजना बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही मुख्य सचिवों को हर 15 दिन में एक बार नक्सल अभियान से जुड़े विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक नक्सल अभियान की सतत निगरानी नहीं होगी तब तक हम अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं कर सकेंगे। संयुक्त फोर्स को हर राज्य में अनुभवी और उपयुक्त बल उपलब्ध हों।

# राहुल का सरकार पर अटैक : बोले मोदी शहंशाह जैसा शासन चाहते थे, हमने संविधान का सम्मान करने पर मजबूर कर दिया

प्रयागराज। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार (24 अगस्त) को प्रयागराज में मोदी सरकार पर बड़ा हमला किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजा-महाराजा की तरह शासन करना चाहते थे, लेकिन हमने उन्हें संविधान का सम्मान करने के लिए मजबूर कर दिया। देश में जातिगत जनगणना की जरूरत है ताकि सही नीतियां बनाई जा सकें और धन का वितरण उचित तरीके से हो सके। राहुल ने बीजेपी को अपना गुरु मानते हुए कहा कि उन्होंने मुझे सिखाया कि क्या करना है और क्या नहीं करना है।



### जातिगत जनगणना से संविधान को मजबूत मिलेगी- राहुल

देश के पारंपरिक व्यवसायों जैसे धोबी, मोची और बढ़ई का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा इनके पास जबरदस्त कौशल है, लेकिन इन्हें सम्मान नहीं मिलता। उन्होंने जोर देकर कहा कि 90 प्रतिशत लोग सिस्टम का हिस्सा नहीं हैं, उनके पास जरूरी कौशल और प्रतिभा है, लेकिन वे सिस्टम से जुड़े नहीं हैं।

इसलिए हम जातिगत जनगणना की मांग कर रहे हैं। जातिगत जनगणना जरूरी है। यह संविधान को मजबूत करने का काम करेगी और इसे कोई नहीं रोक सकता। बीजेपी के नेता कह रहे हैं कि जातिगत जनगणना के बाद ओबीसी वर्ग को हिस्सा दिया जाएगा, हम अलग-अलग समुदायों की सूची चाहते हैं। हमारे लिए जातिगत जनगणना सिर्फ एक जनगणना नहीं है, यह नीतियां बनाने की नींव है। सिर्फ जातिगत जनगणना कराना ही पर्याप्त नहीं है, यह भी अहम है कि समझा जाए कि धन का वितरण कैसे हो रहा है, यह जानना भी जरूरी है कि नौकरशाही, न्यायपालिका, मीडिया में ओबीसी, दलित, मजदूरों की कितनी भागीदारी है?

### मोदीजी मान जाइए, जाति जनगणना होकर रहेगी- राहुल

नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि मोदी सरकार ने बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया, लेकिन किसी दलित या मोची का कर्ज माफ नहीं किया गया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कश्मीर में मुठभेड़, एक आतंकी ढेर



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के सोपोर से आतंकी मुठभेड़ की खबर आ रही है। भारतीय सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक आतंकी को मार गिराया है। पूरे इलाके को घेरकर कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल आतंकी की पहचान नहीं हो पाई और मुठभेड़ जारी है। विधानसभा चुनाव घोषणा के बाद यह पहली मुठभेड़ है। प्रदेश में होने वाले चुनावों को लेकर अब तक अर्धसैनिक बलों की लगभग 300 कंपनियों तैनात की जा चुकी हैं। इसमें आईटीबीपी, बीएसएफ, सीआरपीएफ सहित अन्य कई अर्धसैनिक बल शामिल हैं। इन सभी को श्रीनगर, हंदवाड़ा, गांदरबल, अनंतनाग, शोपियां, पुलवामा, अवंतीपोरा, बडगाम, कुपवाड़ा, बारामुला, बांदीपोरा और कुलगाम में तैनात किया गया है।

### शुक्रवार को मिला था आतंकियों का मददगार

भारतीय सुरक्षाबलों ने एक कार्रवाई में शुक्रवार को आतंकियों के एक सहयोगी को गिरफ्तार किया था। यह पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर का रहने वाला था और लश्कर ए तैयबा के लिए काम करता था। इसको पुंछ में पकड़ा गया और इसका नाम जहीर हुसैन है।

# मोदी सरकार ने एक नई पेंशन स्कीम को दी मंजूरी, 25 साल की नौकरी पर 50 प्रतिशत पेंशन, एनपीएस, ओपीएस नहीं अब होगी यूपीएस

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पेंशन योजना को लेकर आज एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इसमें नई पेंशन स्कीम की जगह सरकारी कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम का ऐलान किया गया है। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में इस योजना को लेकर सहमति बनी है। इस योजना के लागू होने से देश के लाखों सरकारी कर्मचारियों को लाभ होगा।



### 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी यूपीएस

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि क्क पिछले साल 1 अप्रैल से लागू होगी। इसका फायदा 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को होगा। उन्होंने कहा, कर्मचारियों को कॉन्ट्रिब्यूट करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सरकार कर्मचारी के बेसिक सैलरी का 18त्र कॉन्ट्रिब्यूट करेगी। न्यू पेंशन स्कीम में कर्मचारी को 10 प्रतिशत अपने मूल वेतन का जमा करना होता है। सरकार 14 प्रतिशत योगदान देती है।

### दस हजार रुपये न्यूनतम पेंशन मिलेगी

यूनिफाइड पेंशन स्कीम के तहत अगर किसी कर्मचारी ने 25 साल तक काम किया है तो रिटायरमेंट के पहले जॉब के आखिरी 12 महीने के बेसिक का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में मिलेगा। यदि किसी पेंशनभोगी की मृत्यु हो जाती है, तो उसके परिवार को पेंशन का 60त्र मिलेगा। वहीं, अगर कोई दस साल बाद जॉब छोड़ देता है तो उसे दस हजार रुपये पेंशन मिलेगी।

### एनपीएस और यूपीएस चुनने का विकल्प

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि कर्मचारियों के पास न्यू पेंशन स्कीम और यूनिफाइड पेंशन स्कीम में से किसी एक को चुनने का विकल्प होगा। यूपीएस के पांच स्तंभ है। 50 प्रतिशत पेंशन इस स्कीम का पहला पिलर है। दूसरा सुनिश्चित पारिवारिक पेंशन है।

### ऐसे लागू की गई यूनिफाइड पेंशन स्कीम

अश्विनी वैष्णव ने कहा, हमने जॉइंट कंसल्टेटिव मैकेनिज्म के साथ कई बैठक की। इसके बाद दूसरे देशों में किस तरह की स्कीम लागू है। इस पर विचार विमर्श किया। भारत की इकोनॉमी और केंद्र सरकार के बजट को समझने के लिए रिजर्व बैंक के साथ भी मीटिंग की गई। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पीडीपी के एजेंडे का समर्थन करने पर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस का साथ देंगे - महबूबा

श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को कहा कि अगर कांग्रेस या नेशनल कॉन्फ्रेंस उनकी पार्टी के जनता के पक्ष में और जम्मू-कश्मीर के पक्ष में एजेंडे को स्वीकार करने और लागू करने के लिए तैयार हैं, तो वह उन्हें चुनाव में समर्थन देने के लिए तैयार हैं।



सुश्री मुफ्ती ने आज यहां पार्टी का चुनाव घोषणापत्र जारी करते हुए अपना समर्थन देने की पेशकश की। उन्होंने कहा, अगर कांग्रेस या नेशनल कॉन्फ्रेंस हमारे एजेंडे को अपनाने के लिए तैयार हैं तो हम उनसे कहेंगे कि आप चुनाव लड़ें, हम आपके पीछे खड़े होंगे। हमारे लिए, कश्मीर समस्या का समाधान किसी भी अन्य चीज से ज्यादा महत्वपूर्ण है। जम्मू-कश्मीर के लोगों की गरिमा, जिसे कुचला जा रहा है, हमारे लिए अधिक महत्वपूर्ण है।

उन्होंने पार्टी के घोषणापत्र में स्वशासन से एक कदम आगे बढ़कर कहा है कि वह कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए लड़ेगी तथा व्यापार एवं सामाजिक आदान-प्रदान तथा क्षेत्रीय मुक्त व्यापार के लिए सीमाओं को खोलने का प्रयास करेगी। घोषणापत्र में कहा गया है कि पीडीपी कश्मीर मुद्दे को हल करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता में अडिग है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# भारत ने लॉन्च किया अपना पहला रीयूजेबल रॉकेट 'आरएचयूएमआई-1'

तमिलनाडू। शनिवार को भारत ने अपने पहले रीयूज़ेबल हाइब्रिड रॉकेट 'आरएचयूएमआई-1' को चेन्नई के तिरुविदंधाई से लॉन्च किया। इस रॉकेट को तमिलनाडु की स्टार्ट-अप स्पेस जोन इंडिया ने मार्टिन ग्रुप की मदद से डेवलप किया है। यह रॉकेट एक मोबाइल लॉन्चर का इस्तेमाल करके उपकक्षीय कक्षा (सुबोरबीटल ट्रेजेक्टरी) में लॉन्च किया गया। यह अपने साथ 3 क्यूब सैटेलाइट्स और 50 पीको सैटेलाइट्स अंतरिक्ष लेकर गया है।



**अंतरिक्ष में पहुंचाएगा 53 सैटेलाइट**

### जलवायु परिवर्तन के लिए डेटा जुटाएगा रॉकेट

यह रॉकेट जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग पर रिसर्च के लिए डेटा जुटाएगा। 'आरएचयूएमआई-1' रॉकेट में एक हाइब्रिड मोटर का उपयोग किया गया है जो कॉमन फ्यूल बेस्ड है। यह पूरी तरह से पायरोटेक्निक-फ्री है और इसमें जीरो परसेंट टीएनटी है। इस मिशन को स्पेस जोन के संस्थापक आनंद मेगालिंगम के नेतृत्व में अंजाम दिया गया है।

### चेन्नई की एयरो-टेक्नोलॉजी कंपनी ने किया है डेवलप

स्पेस जोन इंडिया एक चेन्नई आधारित एयरो-टेक्नोलॉजी कंपनी है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पूर्व सीएम की सुरक्षा में बड़ी चूक, काफिले को रोककर सुरक्षाकर्मियों के साथ बदसलूकी

दुर्ग-भिलाई। छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में शामिल होने दुर्ग जा रहे थे इसी दौरान भिलाई के सिरसा गेट चौक के पास उनके काफिले को रोका गया और उनके सुरक्षाकर्मी के साथ बदसलूकी की गई।



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के शामिल होने पदुम नगर से दुर्ग जा रहे थे, इसी दौरान सिरसा गेट चौक पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उनके सुरक्षाकर्मी के साथ धक्का-मुक्की की। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया है कि जैसे ही उनकी गाड़ी सिरसा चौक पर पहुंची 50 से 60 लड़के गाड़ी के सामने आकर गाड़ी को रोककर नारेबाजी करने लगे और सुरक्षाकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया। यहां बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा गुंडागर्दी की गई। आगे भूपेश बघेल ने बताया कि सुरक्षा देना सरकार की जिम्मेदारी है, (शेष पृष्ठ 6 पर...)


# सरकार की युवा विरोधी नीति के कारण देश में नौकरियों का आकाल - खड़गे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को कहा कि मोदी सरकार की नीतियां युवा विरोधी हैं जिसके कारण कंपनियों में रोजगार के अवसर घटे हैं और मुट्ठी भर सरकारी नौकरियों के लिए लाखों युवक आवेदन कर रहे हैं।



श्री खड़गे ने आज यहां कहा कि इंश्योरेंस आदि क्षेत्रों में नौकरियां बहुत घट गई हैं। वर्ष 2022-23 में 375 कंपनियों में 3.45 लाख नौकरियां घटी हैं और इसकी वजह से देश में बेरोजगारी तेजी से बड़ी है। मोदी सरकार चीन को 'लाल आंख' दिखाने की बजाय 'चीनी कंपनियों' के लिए लाल कारपेट बिछा रही है और देश में युवाओं के लिए नौकरियों का अकाल पड़ रहा है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार की युवा विरोधी नीतियों के चलते देश में नौकरियों का अकाल पड़ गया है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा की ताज़ा रिपोर्ट बताती है कि केवल 2022-23 में ही देश की 375 कंपनियों में 2.43 लाख़ नौकरियां घट गईं कुछ मुट्ठीभर नौकरियां पाने के लिए हमारे लाखों युवा चक्कर काट रहे हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, बिहार में सिपाही भर्ती परीक्षा चल रही है, उसमें मात्र 21 हज़ार खाली पदों के लिए 18 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इससे पहले वाली परीक्षा का पेपर चार दिन पहले लीक हो गया था, जिसके कारण परीक्षा दोबारा से कराई जा रही है। उत्तर प्रदेश में 60 हज़ार सिपाहियों की भर्ती के लिए 26 राज्यों के 6.30 लाख युवाओं ने आवेदन किया है। इस परीक्षा का भी पेपर एक बार लीक हो चुका है। केवल जुलाई तक ही, (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने माओवादियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान पर मिली सफलता पर सीएम साय की सराहना की

रायपुर। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा माओवादी आतंकवाद के विरुद्ध उठाए जा रहे कदमों की केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भी तारीफ की है. छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पिछले 8 महीने में जिस तरह नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रभावी रणनीति को लागू किया गया है, उसकी केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने सराहना की है.



**○ छत्तीसगढ़ में 8 महीने में 147 माओवादी मारे गए, 631 ने किया आत्मसमर्पण**
**○ नियद नेल्लानार योजना अंदरूनी क्षेत्रों के विकास के लिए मील का पत्थर**

राजधानी रायपुर में 24 अगस्त को वामपंथी उग्रवाद पर इंटरस्टेट कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक आयोजित की गई थी, जहां केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के साथ वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित राज्यों के मुख्यसचिव, बीएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एनआईए के महानिदेशक समेत राज्यों के पुलिस महानिदेशक मौजूद थे. दरअसल, विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने पिछले आठ महीने में ही 147 माओवादियों को मार गिराया है. इसी दौरान 631 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्याधारा में लौटे है. इसका श्रेय साय सरकार द्वारा संचालित नीतियों के बेहतर क्रियान्वयन को दिया जा रहा है.

राज्य में पिछली सरकार के कार्यकाल में पांच साल में जहां सिर्फ 219 माओवादी मारे गए वहीं आठ महीने में ही नक्सलियों के लगातार एनकाउंटर तथा आत्मसमर्पण को विष्णु देव साय सरकार की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है. मिली जानकारी के मुताबिक केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में माओवाद के मोर्चे पर कानून व्यवस्था के साथ ही गुड गवर्नेन्स के क्षेत्र में जिस तरह कार्य हुए हैं, (शेष पृष्ठ 6 पर...)




CMYK

# कलेक्टर ने राईस मिलर्स से कस्टम मिलिंग में प्रगति लाने के दिए निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के सभी राईस मिलर्स की बैठक लेकर कस्टम मिलिंग की समीक्षा की।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कस्टम मिलिंग अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में कुल 89 राईस मिलर्स पंजीकृत हैं, जिनके माध्यम से समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान का कस्टम मिलिंग कार्य कराया जा रहा है। वर्तमान में जिले के सभी राईस मिलर्स को भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा करने अनुबंध किया गया है तथा उनके द्वारा कस्टम मिलिंग कार्य किया जा रहा है। उन्होंने उसना एवं अरवा मिलर्स की पृथक-पृथक मिल वार कार्यों की समीक्षा की तथा सभी मिलर्स को निर्धारित समयावधि में कस्टम मिलिंग का चावल जमा करने के निर्देश दिए। मिलर्स द्वारा चावल जमा कार्य में हमालों की कमी की समस्या से अवगत कराया गया। कलेक्टर ने इस समस्या के समाधान के लिए भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि जिले में 64 प्रतिशत चांवल जमा हो चुका है, शेष बचे चावल को 30 सितम्बर 2024 तक जमा किया जाना है। जिले में अब तक एफसीआई में 135245.99 मीट्रिक टन अरवा एवं उसना चावल जमा किया जाना शेष है। इसी तरह नागरिक आपूर्ति निगम में कुल 26368.50 मीट्रिक टन अरवा चांवल जमा किया जाना शेष है। जिले में अब तक लगभग 64 प्रतिशत कस्टम मिलिंग कर चावल जमा हो चुका है।

कलेक्टर ने शेष 36 प्रतिशत चावल जमा कराने के लिए विभागीय अधिकारी को मानिटिरिंग करने एवं राईस मिलर्स को यथाशीघ्र चांवल जमा करने निर्देशित किया। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी रविन्द कुमार सोनी, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम एवं अन्य संबंधित अधिकारी तथा जिले के राईस मिलर्स उपस्थित थे।

# हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के जयकारों के साथ निकाली जाएगी भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी की पावनधारा पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर दो दिवसीय भव्य विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

अतः यादव बंधुओं से विनम्र प्रार्थना है कि कंस के अत्याचारों से यादवों को मुक्त कराने वाले, कालिया नाग को नाथने वाल, गोवर्धनधारी ग्वालों के सखा, बंशीधर, मोरमुकुटधारी, गायों के परमरक्षक, बल्दाऊ के भैया, यशोदानंद के लाल, यदुवंश में जन्म लेने वाले भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव में अपनी गारिमामय उपस्थिति प्रदान कर शोभायात्रा को सफल बनाएं। समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण जी की शोभायात्रा में मंडई मेला, राऊत नाचा, अखाड़ा, विभिन्न प्रकार के बाजे गाजे, भगवान श्री कृष्ण की मनोरम झाकियां, विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा। संस्काराधानी राजनांदगाँव कृष्ण जन्माष्टमी के दिन ऐसा लगता है कि मानो इस वृंदावन, गोकुल, मथुरा में है। कल दिनांक 26 अगस्त दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे स्थान महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के पास स्थापित सहाड़ादेव की पूजा अर्चना के भगवान श्री कृष्ण की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल सहाड़ादेव से प्रारंभ होकर स्टेशन चौक से गायत्री मंदिर, कामठी लाईन, भारत माता चौक, सदर बाजार, बसंतपुर थाना चौक, दुर्गा चौक, ब्राह्मण पारा, गांधी चौक, मानव मंदिर चौक, जमातपारा, गुरूद्वारा चौक, जीई रोड़, इमाम चौक, खैरागढ़ रोड से होते हुए ओव्हरब्रिज के नीचे से होते हुए सहाड़ा देव महारानी स्कूल के पास संध्या 5 बजे पूजा अर्चना के बाद समाप्त होगी।

# घर का ताला तोड़कर घरवालों से मारपीट

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रार्थी अरविंद नंदेश्वर पिता स्व. बुधराम नंदेश्वर उम्र 39 साल निवासी बोरतलाव वार्ड नंबर 05, थाना बोरतलाव का 22 अगस्त को थाना आकर जबानी रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके बुआ नगीना बाई के लडके डीकेन्द्र बाघमारे के द्वारा घर में ताला लगाकर दिनांक 18 अगस्त को राखी बंधवाने चला गया था, जो दिनांक 22 अगस्त के करीबन 04:45 बजे आया और घर का ताला तोड़कर घुस गया। पुरानी रंजिश को लेकर डीकेन्द्र बाघमारे व उसके पिता मालिक बाघमारे, मां नगीना बाई द्वारा तीनो एक राय होकर अश्लील गाली गुफ्तार करने लगा, मना करने पर डीकेन्द्र बाघमारे, मालिक बाघमारे द्वारा बांस के डंडा लाकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया। मारपीट करने से दोनों हाथ की कलाई, सिर में चोट खरोच आया है। घटना को शिव बल्हारे, रोशनी नंदेश्वर देखे एवं छुड़वाये है, पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है।

# आज भामसं का पर्यावरण पर प्रबोधन

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय मजदूर संघ की स्थापना के 70 वर्ष पूरे हो चुके है, इस उपलक्ष्य में देशभर में सालभर श्रमिक व सामाजिक हित के अनेक कार्यक्रम संचालित होंगे। इस कड़ी में आज दिनांक 25 अगस्त को पहला कार्यक्रम पर्यावरण पर प्रबोधन का रखा गया है।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक व मजदूर क्षेत्र से जुड़े लोग भाग लेंगे। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि भामसं की स्थापना के 70 वर्ष के अवसर पर पूरे वर्षभर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिसमें लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता का अभियान चलाया जाएगा ताकि ग्लोबल वार्मिंग से विश्व में जलवायु परिवर्तन के संकट को टाला जा सकें। इसी प्रकार मजदूर क्षेत्र में नये संगठनात्मक कार्य प्रारंभ करने की योजना है, कार्यकर्ताओं के लिये अभ्यास वर्ग भी आयोजित किये जायेंगे, युवा सम्मेलन व महिला सम्मेलन भी होंगे और अनेक तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

इसका प्रारंभ कल पर्यावरण प्रबोधन से होगा, यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे महावीर चौक स्थित भगवान श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर के सभागार में संपन्न होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल होंगे। इस अवसर पर भामसं के विभाग प्रमुख योगेशदत्त मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य सुदर्शन मानिकपुरी सहित भामसं से संबद्ध श्रम संगठनों के प्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# सुपोषित और स्वस्थ बच्चे के लिए बच्चों के खान-पान और स्वच्छता पर रखें विशेष ध्यान - कलेक्टर

**0 कलेक्टर पोट्ठ लईका पहल अभियान के अंतर्गत ग्राम मोहगांव आंगनबाड़ी केन्द्र में पालक चौपाल कार्यक्रम में हुए शामिल**

**0 बच्चों को प्रोटीन, विटामिन, आयरन से भरपूर पौष्टिक आहार दें**



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल छुरिया विकासखंड के दौरे के दौरान विगत दिवस शुक्रवार को ग्राम मोहगांव के आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ग्राम मोहगांव आंगनबाड़ी केन्द्र में पोट्ठ लईका पहल अभियान के तहत चल रहे पालक चौपाल कार्यक्रम में शामिल हुए। जिले में पोट्ठ लईका पहल अभियान नवाचार के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में शिशुवती माताओं, गर्भवती महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को पोषण आहार के संबंध में प्रत्येक शुक्रवार को पालक चौपाल आयोजित कर जागरूक किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पोट्ठ लईका पहल अभियान अंतर्गत पालक चौपाल में बच्चों के पालकों को बहुत ही सरल तरीके से अपने बच्चे को अच्छे खान-पान से बच्चों का वजन बढ़ाने और स्वस्थ रखने के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही स्वच्छता रखने के तरीके भी बताए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कम वजन वाले बच्चों की जानकारी लेते हुए कहा कि बच्चों के प्रति ध्यान नहीं देने से बच्चे कमजोर हो जाते हैं। बच्चों के खान-पान और स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने से बच्चे सुपोषित और स्वस्थ रहते है। उन्होंने बच्चों के साथ-साथ शिशुवती माताओं, गर्भवती महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को भी पौष्टिक भोजन लेने के लिए कहा और स्वच्छता रखने के तरीके भी बताए।

उन्होंने कहा कि बच्चों के वजन में वृद्धि करने के लिए बच्चों के प्रति ध्यान देने की जरूरत है। बच्चों को दिन भर में 5 से 6 बार थोड़ा-थोड़ा खाना खिलाना चाहिए। चांवल-रोटी के साथ ज्यादा मात्रा में हरी सब्जी और दाल खिलाने कहा। बच्चों को प्रोटीन, विटामिन, आयरन से भरपूर खाद्यान्न सामग्री सेवन कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए खाना बनाते और खिलाते समय हाथों को ठीक से धोना आवश्यक है। बच्चे बहुत संवेदनशील होते हैं, उन्हें जल्दी से संक्रमण फैल सकता है। बच्चों को संक्रमण नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को प्रत्येक 6 माह में कृमि नाशक दवाई एल्बेंडाजोल खिलानी चाहिए।

उसके लिए अभियान भी चलाया जाता है, उस समय कृमि नाशक दवाई खिलाना चाहिए। उन्होंने 29 अगस्त को बच्चों के अभिभावकों से अपील की है कि अपने 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि से मुक्ति के लिए अपने निकटतम आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्कूलों में कृमि नियंत्रण की दवाई एल्बेंडाजॉल अवश्य खिलाएं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने गर्भवती महिलाओं से कहा कि उन्हें दो लोगों के लिए पौष्टिक आहार लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जो खाना आप खाएंगे, वही बच्चा भी खाएगा, इसलिए बच्चे की अच्छी सेहत को ध्यान में रखते हुए खाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कम खाना खाएंगे तो बच्चा निश्चित तौर पर कमजोर रहेगा। बाद में उसे बहुत सारी समस्याएं आएंगी।

ऐसे समय में स्वस्थ बच्चे के लिए पौष्टिक आहार लेना बहुत जरूरी है। उन्होंने आंगनबाड़ी से मिलने वाला रेडी-टू-ईट का सेवन अवश्य करने कहा। उन्होंने पालक चौपाल में उपस्थित महिलाओं से प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, महतारी वंदन योजना और श्रम विभाग में पंजीयन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ लेने के लिए पंजीयन कराने कहा। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर उपस्थित थी।

# अशोका आई.टी.आई. में 31 अगस्त तक प्रवेश

राजनांदगांव (दावा)। नगर के प्रतिष्ठित अशोका आई.टी.आई में विभिन्न ट्रेड़ो जैसे कोपा, इलेक्ट्रीशियन, स्टेनो आदि में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है जिसकी अंतिम तिथि 31 अगस्त 2024 है । विदित हो कि केन्द्र सरकार के उपक्रमों जैसे भारतीय रेल्वे, सेल आदि में विगत् दिनों विभिन्न पदों में जो भर्तियां निकाली गयी उसमें कई पदों हेतु आई.टी.आई कोर्स को अनिवार्य किया गया है। इस कारण नवयुवकों एवं नवयुवतियों के मध्य इस वर्ष आई.टी.आई कोर्स के प्रति विषेश रूझान देखा जा रहा है। ज्ञातव्य हो कि नगर के अशोका आई.टी.आई कॉलेज में संचालित कोर्स एन.सी.वी.टी.-डीजीटी नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त है जिनकी मान्यता पूरे देश में है।

उक्त कोर्सो के लिये न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10 वी पास है। अशोका आई.टी.आई. के डायरेक्टर श्री भूपेन्द्र चन्द्राकर ने बताया की जो छात्र आई.टी.आई. क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते है वे हमारे संस्थान में संचालित विभिन्न ट्रेड कोर्स में प्रवेश ले सकते है। जिससे उनकी कई शासकीय एवं प्राईवेट कंपनियों में रोजगार प्राप्त करने की संभावना कहीं अधिक बढ़ जाती है। ज्ञातव्य हो कि शासन द्वारा प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 अगस्त 2024 किये जाने के कारण जो छात्र-छात्रायें अभी तक प्रवेश से वंचित रह गये है वे तत्काल महाविद्यालय में संपर्क कर प्रवेश ले सकते है। या मो. नं. 8319493983, 8602502398 में संपर्क कर प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते है।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
आज ता. 23 से भव्य शुभारंभ रोजाना 4 खेलों में
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक गीत संगीत से भरपूर
जवानी जिंदाबाद
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - आकाश सोनी, सुमन पटनायक, लक्षित झांकी, ज्योत्सना, पुरन किरी, संजय महानंद, पुष्पेन्द्र सिंह, अंजनी चौहान आदि




आगामी
संघर्ष एक जंग
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
23rd Aug to 29th Aug 2024
silver SCREEN




Stree 2 - 12:00, 12:15, 03:00, 03:30, 06:00, 06:30, 09:00 & 09:30 pm
Vedaa - 06:15 pm
Khel Khel Mein - 03:15 and 09:15 pm
Alien Romulus (Hindi) - 12:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# युगांतर के हेड ब्वॉय विपुल तथा हेड गर्ल जिया बनीं



**राजनांदगांव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में स्टूडेंट कौन्सिल का गठन किया गया।**

शपथ ग्रहण समारोह में स्टूडेंट कौन्सिल के पदाधिकारियों ने संस्था के पूर्व विद्यार्थी डॉ केयुरा जैन एमडीएस पेडियाट्रिक डेन्टरिस्ट्री किड्स डेन्टल स्पेशलिस्ट, डॉ शेफालिका उमरे एमबीबीएस, एमडी पैथोलॉजी, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, अखराज कोटड़िया, राजकुमार अग्रवाल, नरेंद्र कोटड़िया, प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह की उपस्थिति में पद और गोपनीयता की शपथ ली।

विद्यालय के हेड ब्वॉय विपुल संजय सोमकुंवर, हेड गर्ल जिया अग्रवाल, डेपुटी हेड ब्वॉय निमित कोठारी, डेपुटी हेड गर्ल मोनिका पाटले, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी आयुष सिदार, सृष्टि वर्मा ने शपथ ली। स्पोर्ट्स तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए चार हाउस सत्यम, शिवम, सुन्दर, मधुरम है, जिनके पदाधिकारी इस प्रकार मनोनीत हुए हैं- सत्यम के हाउस प्रिफिक्ट मेहरप्रीत कौर बग्गा, सिद्धार्थ लुनावत, डिसिप्लिन सेक्रेटरी मृणालिनी डड़सेना, राहुल कोमरे, मेस सेक्रेटरी श्वेता जैन, भोयेश चतुर्वेदी, कल्चरल सेक्रेटरी सारा भट्टाचार्य, ओजस श्रीवास्तव, शिवम के हाउस प्रिफिक्ट आरती सिदार, अंकेश अग्रवाल, डिसिप्लिन सेक्रेटरी जिज्ञासा भूआर्य, विकास साहू, मेस सेक्रेटरी साक्षी पैकरा, पुष्कर नाहटा, कल्चरल सेक्रेटरी प्रियल शुक्ला, कार्तिक नायर, सुन्दरम के हाउस प्रिफिक्ट जागृति बंजारे, समीर किंडो, डिसिप्लिन सेक्रेटरी नौसिन खान, रौनक पटेल, मेस सेक्रेटरी सिमरन सिंह, रिक्की सोनी, कल्चरल सेक्रेटरी कृतिका अग्रवाल, केशव तेंदुलकर तथा मधुरम के हाउस प्रिफिक्ट श्रुति परियानी, अभय कश्यप, डिसिप्लिन सेक्रेटरी सुगन्ध घनसानी, अरविंद कुमार टण्डन, मेस सेक्रेटरी निधि कुर्रे, मयंक बघेल, कल्चरल सेक्रेटरी नेहल जैन, हर्ष कुमार गावडे मनोनीत हुए हैं। संस्था के चेयरमैन विनोद सदानी तथा सेक्रेटरी विनय डड्ढा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए अपने बधाई संदेश में कहा है कि किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए नेतृत्व के गुण का होना आवश्यक है।

छात्रों में नेतृत्व की क्षमता विकसित करने हेतु छात्रों की समिति बनाकर विभिन्न विभागों के कार्यो का बंटवारा किया गया है, जिससे छात्र-छात्राओं में नेतृत्व क्षमता का विकास हो सके। इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखकर ही युगांतर पब्लिक स्कूल में हाउस सिस्टम को फॉलो करते हुए स्टूडेंट काउंसिल का गठन किया गया है।

# 'एक पेड़ माँ के नाम' तहत जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बाटे दो हजार पौधे



राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर जिला राजनांदगांव भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने दिनांक 23 अगस्त को पोस्ट ऑफिस चौक राजनांदगांव में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत आयोजन किया गया है जिसमे पोस्ट आफिस के सामने हर आने जाने वालों को मां के नाम एक पेड़ लगाने के लिए सभी लोगों को प्रेरित किया गया और 2000 पौधा का वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष रवींद्र रामटेके, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के महामंत्री जितेन्द्र गेन्डरे, दीपेश शेन्डे एवं जिला मंत्री प्रकाश गोण्डाने, संकेत रामटेके, 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# किसानों के लिए एनपीपीएस मोबाइल एप एवं वेबपोर्टल का हुआ शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा कीट निगरानी प्रणाली अंतर्गत कीटों के हमलों एवं फसल रोगों के बारे में त्वरित और सटीक जानकारी प्रदान करने उद्देश्य से तैयार किए गए एनपीपीएस मोबाइल एप एवं वेबपोर्टल का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र सुरगी के सभागार में दिखाया गया। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि नागेश्वरलाल पांडे एवं केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. गुंजन झा, श्रीमती अंजली घृतलहरे, डॉ. अतुल डांगे, मनीष सिंह, डॉ. योगेन्द्र श्रीवास, मंजूलता मरावी सहित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित थे।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

138-2 378-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# दिग्विजय कालेज में विभिन्न संकायों के 96 प्रतिशत सीटें भरी

## दूसरे कालेजों में नहीं भर पाई सीटें, प्राईवेट फार्म भरने की तैयारियां शुरू

**राजनांदगांव (दावा)। शिक्षण सत्र नए वर्ष 2024-25 से प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में नई शिक्षा नीति लागू कर दी गई है। जिसके तहत छह-छह माह के गैप में परीक्षा आयोजित की जानी है। इसके पहले कॉलेजों में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय प्रबंधन के निर्देश पर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है।**

बता दे कि शहर के तीनों प्रमुख कालेज, दिग्विजय, कमला कालेज व शिवनाथ साइंस कालेज में अंतिम तिथि 16 अगस्त तक यूजी व पीजी के सभी संकायों में एडमिशन दिया गया। लेकिन अंतिम तिथि तक यूजी में बीएससी गणित की सीटे नहीं भर पाई है। बता दें कि इन तीनों कालेजों के विभिन्न संकायों में सीटे रिक्त होने के बाद भी इन खाली सीटों में भर्ती नहीं दिया जाएगा। इसके चलते अब नियमित दाखिला देने के बजाय प्राईवेट फार्म भरने की तैयारियाँ शुरू कर दी गई है।

### दिग्विजय में 96 प्रतिशत सीटें भरी

बताते चलें कि शहर का दिग्विजय कालेज काफी लोकप्रिय होने के कारण विद्यार्थी यहां पढने् के लिए ज्यादा रूचि दिखाते है। कालेजों की अपेक्षा यहां विषय सम्बंधित व अन्य सुविधाएं होने के कारण विद्यार्थियों का रूझान इस कालेज की ओर बना रहता है।

अभी यहां प्रवेश की अंतिम तिथि 16 अगस्त तक यूजी पीजी के विभिन्न संकायों में विद्यार्थियों को दाखिला दिया गया। कालेज के रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा के अनुसार दिग्विजय महाविद्यालय में 96 प्रतिशत से ज्यादा सीटे भरी जा चुकी है। जिसमें बी.ए., बीकाम बीएससी, बीएससी बायो, बीसीए (कम्प्यूटर एप्लीकेशन) की सीटे भरी जा चुकी है सिर्फ मैथ्स व बीएससी गणित का सीट खाली रह गया है। कमला कालेज में बताया जाता है कि डाक्युमेन्ट अधूरे होने व दस्तावेज में कमी होने के कारण कई विद्यार्थी एडमिशन से वंचित रहे। गणित व होम साईस की 30 सीटे खाली है। वही शिवनाथ साइंस कालेज में यूजी और पीजी मिलाकर 95 प्रतिशत सीटों में भर्ती हुआ है। बी.ए., बी.कॉम. और बीएससी में कुल 120-120 सीटे भर चुकी है।

### काउसिलिंग से भरी गई सीटें

बता दें कि नए शिक्षण सत्र के साथ ही सभी महाविद्यालयों में नई शिक्षा नीति लागू की जा चुकी है। शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के साथ ही महाविद्यालयों में मेरिट के आधार पर विद्यार्थियों को दाखिला देने के बाद काउसिलिंग से भी सीटे भरी गई। इसके बाद भी निर्धारित समय सीमा के भीतर अन्य शासकीय तथा निजी महाविद्यालयों में भी सीटे फूल नहीं हो पाई है। ग्रामीण क्षेत्रों के महाविद्यालयों में भी बीए., बी.कॉम. बीएससी सीटे खाली बताई जा रही है। बहरहाल वर्ष 2024-25 से नई शिक्षा नीति के तहत अध्ययन, अध्यापन का कार्य कालेजों में सुनिश्चित कराया जा रहा है। गौरतलब है कि नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद पाठ्यक्रम में भी बदलाव हो चुका है। ऐसे में विद्यार्थियों का दिक्कते उठानी पड़ रही है।

पाठयक्रम को पूर्ण करने के लिए महाविद्यालयों में अतिथि प्राध्यापकों की नियुक्तियों भी कराई जा रही है। चूंकि इस वर्ष 6-6 महिने के अंतराल में सेमेस्टर की परीक्षाएं सम्पन्न कराई जानी है उसी आधार पर अध्ययन, अध्यापन का कार्य सुनिश्चित कराया जा रहा है। अब इधर कालेजों में विभिन्न संकायों में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद अब विद्यार्थियों को प्राईवेट परीक्षा देना ही एकमात्र उपाय रह गया है। उसके लिए कालेजों में प्राईवेट की परीक्षा हेतु जल्द से जल्द आवेदन भरने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

# ओलंपिक हॉकी में भारतीय खिलाड़ियों ने सभी का दिल जीत लिया - पारख

**24वीं राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ**




राजनांदगांव (दावा)। स्कूल शिक्षा विभाग छ.ग. शासन द्वारा आयोजित कि जा रही 24वीं राज्यस्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारंभ आज राजनांदगांव में खूबचंद पारख पूर्व उपाध्यक्ष 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के मुख्य आतिथ्य व भरत वर्मा पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्षता राजेन्द्र गोलछा समाजसेवी डॉ. श्रीमति रेखा मेश्राम समाजसेवी के विशिष्ठ आतिथ्य एवं आयोजन सचिव व जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, हॉकी इंडिया के सहसचिव एवं छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी सहायक संचालक आदित्य खरे, देवेन्द्र ठाकुर, प्रभारी जिला खेल अधिकारी की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने बैण्ड की धुन पर मार्चपास्ट व बालिकाओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आज से प्रारंभ हुई 24वीं राज्यस्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के तहत नेहरू हॉकी बालक 15 व 17 वर्ष व बालिका 17 वर्ष की स्पर्धा का शुभांरभ करते हुए समारोह के मुख्यअतिथि खुबचंद पारख पूर्व उपाध्यक्ष 20सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि ओलंपिक हॉकी में इस बार हमारी टीम गोल्ड मेडल लेकर भारत आएगी लेकिन संयोग ऐसा रहा कि हमें कास्य पदक प्राप्त हुआ मगर हमारे खिलाड़ियों ने अच्छे खेल से लोगों का दिल जीत लिया खिलाड़ियों को हमेशा कोशिश करना चाहिए कि वे अपना अच्छा प्रदर्शन करे खेल में अनुशासन के साथ खेल भावना की उदारता है इस प्रकार का भाव पैदा हो जाए तो सभी रागद्वेष खत्म हो जाता है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खेलो इंडिया के मध्याम से खेलो को बहुत आगे बढ़ता देखना चाहते है और भविष्य में भारत में ओलंपिक खेल भी हो सकें इसके लिए प्रयासरत भी है समारो के अध्यक्ष भरत वर्मा ने कहा कि राजनांदगांव की पहचान हॉकी की नर्सरी के रूप में बनी है इस तरह के आयोजनों से हमें बहुत कुछ सिखने मिलता है खेल अनुशासन के साथ ही चरित्र निर्माण का माध्यम भी है। प्रतियोगिता का प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी व आयोजन सचिव अभय जायसवाल ने पठन किया। इस अवसर पर बक्शी स्कूल की बालिकाओं ने स्वागत गीत व महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया इसके पूर्व आयोजन में हिस्सा ले रहे प्रतिभागियों ने वाइडनर स्कूल के छात्रों के बैण्ड के धुन पर आकर्षक मार्चपास्ट कर आतिथ्यों को सलामी दी।

इस कार्यक्रम के प्रारंभ में आतिथियों को बैच व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया, कार्यक्रम का संचालन रणविजय प्रताप सिंह ने किया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष व कलेक्टर संजय अग्रवाल व जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूची सिंह ने हॉकी नर्सरी में आयोजित हो रहे इस आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रतिभागियों से अपेक्षा कि वे अनुशासन में रहते हुए अपने उम्दा खेल का प्रदर्शन करते हुए लोगों को अपने खेल के प्रति आकर्षित करेगें। उन्होंने प्रतिभागियों को बधाई व शुभकामनांए दी।

**आज खेले गए मैचों के परिणाम**

24वीं राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में आज खेले गए 17वर्ष बालक के पहले मैच में रायपुर को 2 अंक प्राप्त हुआ वहीं दुसरे मैच में सरगुजा व बिलासपुर का मैच बराबरी पर रहा तीसरे मैच में दुर्ग ने रायपुर को 2-0 गोल से बालिका 17 वर्ष वर्ग में बस्तर ने रायपुर को 14-0 गोल से सरगुजा ने बिलासपुर को 5-0 गोल से दुर्ग ने रायपुर को 8-0 गोल से 15 वर्ष बालक वर्ग में बस्तर ने रायपुर को 8-0 गोल से सरगुजा ने बिलासपुर को 3-0 गोल से दुर्ग ने रायपुर को 15-0 गोल से पराजित किया।

# खैरागढ़ विवि की पूर्व कुल सचिव पर एफआईआर : जातिगत भेदभाव और मानसिक प्रताड़ना के आरोप

खैरागढ़ (दावा)। इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय में विवाद एक बार फिर उभर कर सामने आया है। इस बार विश्वविद्यालय की पूर्व कुल सचिव डॉ. नीता गहरवार के खिलाफ जातिगत दुर्भावना और मानसिक प्रताड़ना के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है।

**0 सहायक प्राध्यापक ने की शिकायत**

कत्थक नृत्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. तेश गढ़पायले ने मई 2024 में खैरागढ़ पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत में आरोप लगाया कि 2007 से वे विश्वविद्यालय में कार्यरत हैं। लेकिन मोक्षदा चंद्राकर के कुलपति बनने के बाद से उन्हें विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा दुर्व्यवहार और मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा। डॉ. गढ़पायले ने पूर्व कुल सचिव डॉ. नीता गहरवार पर आरोप लगाया कि उन्होंने जातिगत दुर्भावना के चलते उन्हें निलंबित कर दिया था।

**0 पुलिस जांच में आरोप पाए गए सही**

शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने आरोप सही पाए हैं और इसके आधार पर डॉ. नीता गहरवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। खैरागढ़ एसडीओपी लालचंद मोहले ने पुष्टि करते हुए कहा, जांच के दौरान आरोप सही पाए गए हैं, जिसके बाद नीता गहरवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और मामले की विवेचना की जा रही है।

# हनी मिशन के तहत आयोजित एक दिवसीय जागरुकता शिविर सम्पन्न



राजनांदगांव (दावा)। राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूल्म, लघु एवं मध्यम उधम मंत्रालय, भारत सरकार रायपुर द्वारा हनी मिशन के तहत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन ग्राम सोमाटोला जिला मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी में 22 अगस्त 2024 को किया गया।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग रायपुर के राज्य निदेशक राजेश कुमार ने उपस्थित जनसमूह के हनी मिशन के तहत मधुमुक्खी पालन से होने वाले लाभ के विषय में जानकारी देते हुए इस योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। अब्दुल एजाज, मधुमक्खी पालन अनुभवी एवं मोहन साहू, मास्टर ट्रेनर मधुमक्खी पालन के द्वारा मधुमक्खी पालन कैसे किया जाता है, इसका रखरखाव एवं उनके उत्पाद के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में खादी और ग्रामोद्योग आयोग रायपुर के अधिकारी, श्रीमती रोहिणी रावटे सचिव सोमाटोला, भावेश बुद्धदेव छत्तीसगढ़ सर्वजन विकास समिति राजनांदगांव जागेन्द्र साहू, समाज सेवी एवं सैकडों गणमान्य उपस्थित हुये।

# दिग्विजय महाविद्यालय की टीम पुणे में आयोजित राष्ट्रीय सांस्कृतिक युवा महोत्सव में भाग लेगी




राजनांदगांव (दावा)। दिनांक 22 से 25 अगस्त, पुणे महाराष्ट्र में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा सांस्कृतिक महोत्सव यह जीवंत उत्सव हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन है जो पुणे के फ्रूटवाले धर्मशाला में आयोजित होगा। यह महोत्सव युवाओं को प्रेरित करने और संलग्न करने, उनकी प्रतिभा दिखाने, विचारों का आदान-प्रदान करने और हमें परिभाषित करने वाली विविधता के प्रति गहरी सराहना को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। शिविर में विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों की सम्मानित हस्तियों के नेतृत्व में कार्यशालाओं, सांस्कृतिक प्रदर्शनों और इंटरेक्टिव सत्रों सहित गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला होगी जिसमें देश भर से 350 युवाए सम्मिलित होंगे जिसमें हमारे छत्तीसगढ़ से वासुदेव साहू, वेदमाला साहू, बसंती साहू, शिव साहू, संतोषी साहू, देवकुमार, तब्बू पटेल, मनीष टांडेकर, अभिषेक भट्टाचार्य, भागवत वर्मा, ललित साहू, लोकेश निषाद, लक्की साहू, मुस्कान गायकवाड, चंद्र पूर्णिमा उके, भुनेश्वरी साहू, पूजा साहू सम्मिलित होंगे।

# संस्कारधानी की जनता मधु महोत्सव के रंगों में सराबोर नजर आई



**पूर्व सांसद मधुसूदन ने दिनभर जन्मदिन की खुशियां बांटी**

राजनांदगांव (दावा)। पूर्व सांसद राजनांदगांव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव का जन्मदिन 23 अगस्त को राजनांदगांव शहर सहित पूरे जिले में काफी जोश एवं उत्साह के साथ मनाया गया। दो दिन पूर्व से ही सारा शहर भाजपा नेता को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने वाले बैनर पोस्टर से पटा नजर आया। पूर्व सांसद की लोकप्रियता के चलते उनके समर्थक एवं प्रशंसकों ने 22 अगस्त की सुबह से ही उनके घर पहुंच कर अपने चाहते नेता को एक दिन पहले जन्मदिन की अग्रिम शुभकामनाएं देना एवं केक काटना प्रारंभ कर दिया था, जो सिलसिला 22 व 23 अगस्त की अर्धरात्रि तक चलता रहा, जिसके चलते शहर में दिनभर मधु महोत्सव की छटा बिखरी रही। 23 अगस्त की प्रातः काल से ही शहर की जनता सहित संत एवं धर्मगुरु 1008 पंत हुजूर अर्धनाम साहिब ने पूर्व सांसद के निवास पहुंचकर उन्हें आशीर्वाद दिया। अपनी जन्मदिन के अवसर पर भाजपा नेता मधु ने मोतीपुर के शीतला मंदिर में एवं कॉलेज रोड स्थित शीतला मंदिर में सपरिवार पूजा अर्चना कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में पूर्व सांसद मधु ने स्थानीय वृद्ध आश्रम में जाकर वृद्धजनों के साथ जन्मदिन मनाया वहीं दूसरी ओर आस्था मूक बधिर शाला में दिव्यांग जनों के साथ भी जन्मदिन की खुशियां बांटी। अपने जन्मदिन पर पूर्व सांसद ने मोतीपुर स्कूल में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में आयुक्त नगर पालिक निगम के साथ संयुक्त रूप से वृक्षारोपण किया, वहीं शाम को रामनगर में भी वृक्षारोपण कर जन्मदिन मनाया। प्रशंसकों एवं समर्थकों से मिलने के लिए पूर्व सांसद ने अपने सिविल लाइन स्थित कार्यालय में दोपहर 01:00 से शाम 4:00 बजे तक लगातार उपस्थित रहकर लोगों की शुभकामनाएं, उपहार, फूल मांलाऐं, भेंट एवं गुलदस्ते मुस्कुराकर स्वीकारते हुए, उनसे प्राप्त स्नेह, अपनत्व एवं शुभकामनाओं के लिए कृतज्ञता प्रकट करते दिखे। भाजपा नेता मधु ने शहर के विभिन्न चौक चौराहों में केक काटकर अपने चाहने वालों को खुशी मनाने का भी भरपूर मौका दिया और जनता में पूर्व सांसद के साथ सेल्फी लेने और फोटो खिंचाने की भी होड़ लगी रही। देर शाम रानी सागर स्थित सर्किट हाउस में पहुंचकर पूर्व सांसद ने राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे कार्यकर्ताओं एवं पार्टी संगठन के नेताओं से भी भेंट मुलाकात की और उनसे जन्मदिन की बधाइयां स्वीकार की। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन के समर्थकों द्वारा विभिन्न स्थानों पर केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया गया जिसमें मुख्य रूप से गौरी-गौरा चौक मोतीपुर, शीतला मंदिर प्रांगण दिग्विजय वार्ड, बाल गोविंद चौक, वृद्ध आश्रम, आस्था मूकबधिरशाला, लखोली, नंदई चौक, शांतिनगर, रामनगर, क्लब चौक बसंतपुर, महामाया चौक बसंतपुर, कमला कॉलेज रोड सर्किट हाउस चौक, भदौरिया चौक, प्यारेलाल चौक, मानव मंदिर चौक, रेलवे स्टेशन वाहन स्टैंड प्रांगण एवं होटल गुजरात इन स्टेशन रोड में केक काटने एवं जन्मोत्सव मानने का सिलसिला देर रात्रि तक जारी रहा, जिससे 23 अगस्त को संस्कारधानी की जनता मधु महोत्सव के रंगों में सराबोर नजर आई।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भव्य स्वरूप में सज रहा है श्री सत्यनारायण मंदिर

**अभिजीत जोशी एवं शुभम महाराज के भजनों की होगी अमृत वर्षा**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी के हृदय स्थल में स्थापित श्री सत्यनारायण मंदिर हिंदू संस्कृति के समस्त त्योहारों को बड़ी श्रद्धा भक्ति के साथ धूमधाम से बनाए जाने के केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित है। वर्ष भर विभिन्न धार्मिक उत्सव सार्वजनिक तौर पर मनाए जाते हैं। जन्माष्टमी महोत्सव पर मंदिर को भव्य स्वरूप में सजाने की परंपरा है।

प्रतिवर्ष भादवा कृष्ण अष्टमी को मंदिर के गर्भ ग्रह के साथ ही पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक साज सजावट कर भगवान श्री सत्यनारायण का अलौकिक दरबार सजाया जाता है। अखंड ब्रह्मांड नायक भगवान राधा कृष्ण झूले में विराजमान होते हैं। इस वर्ष 26 अगस्त को जन्माष्टमी महोत्सव के उपलक्ष में मंदिर को आकर्षक स्वरूप में सजाने का कार्य प्रारंभ हो चुका है।

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया, सचिव सुरेश अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष हरीश अग्रवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस वर्ष जन्माष्टमी महोत्सव पर मंदिर परिसर को भव्य स्वरूप में सजाने का कार्य पिछले दो दिवस से प्रारंभ है। मंदिर समिति के उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया, राजेश शर्मा, श्याम खंडेलवाल एवं पवन लोहिया सजावट व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु जुटे हुए हैं। 26 अगस्त को सुबह 7:00 से मध्य रात्रि तक भगवान के अलौकिक श्रृंगार का दर्शन भक्तगण प्राप्त कर सकेंगे। मंदिर के सामने रात्रि 8:00 बजे से नगर के सुप्रसिद्ध भजन गायक अभिजीत जोशी (रिंकू जोशी) एवं शुभम महाराज की जोड़ी भजनों की शानदार प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर देगी। प्रसाद व्यवस्था प्रभारी राजेश अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक दर्शनार्थी भक्त को सुस्वादिष्ट धनिया पंजीरी का प्रसाद प्राप्त होगा।

मध्य रात्रि श्री कृष्ण जन्म के पश्चात आरती होगी एवं मक्खन, मिसरी, पंचामृत तथा धनिया पंजीरी का प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर समिति ने अंचल के श्रद्धालु माता-बहनों एवं बंधुओं से आग्रह किया है कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आनंद प्राप्त करने, झूले में विराजमान राधाकृष्ण भगवान को अपने हाथो से झूला झूलाने एवं प्रभु के अलौकिक श्रृंगार का दर्शन करने मंदिर अवश्य पधारे।

# पीसीसी अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष के समक्ष आफताब के पक्ष में कांग्रेसियों ने की टिकट के लिए की पैरवी



राजनांदगांव (दावा)। राजधानी रायपुर दक्षिण विधानसभा के प्रस्तावित उपचुनाव में कांग्रेस की टिकट के लिए राजनांदगांव के आफताब आलम का नाम भी चर्चा में है। राजनीतिक सरगर्मियों के बीच पिछले दिनों प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के समक्ष राजनांदगांव के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने आफताब को टिकट दिए जाने की पैरवी की। कांग्रेसी नेताओं ने दोनों नेताद्वय को कांग्रेस प्रत्याशी के लिए आफताब को मजबूत दावेदार बताया। बैज ने कांग्रेसी नेताओं को इस संदर्भ में गंभीरता से विचार करने का भरोसा दिया। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत से भी टिकट दिलाने के लिए आफताब के पक्ष में कांग्रेसी नेता कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, कामदेव वर्मा, हेमू सोनी, फरमान अली आदि ने जोरदार लॉबिंग की है। नेता प्रतिपक्ष ने भी इस पर पूर्ण आश्वासन दिया है। ज्ञात हो कि रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट कांग्रेस के लिए प्रस्तावित उपचुनाव के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण है। ऐसे में पार्टी बेहतर राजनीतिक साख वाले नेताओं पर भरोसा जता सकती है। इस मामले में आफताब स्वच्छ छवि के नेता हैं, उनके पक्ष में लगातार पार्टी के आला नेता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव से भी सहयोग करने का आग्रह किया है।

# पूर्व सीएम बघेल को नीरज कन्नौजे ने गुलदस्ता भेंटकर दी बधाई



**पूर्व सीएम हुए गदगद**

राजनांदगांव (दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस कद्दावर नेता भूपेश बघेल की जन्मदिन के अवसर पर राजनांदगांव शहर कांग्रेस दक्षिण मंडल के महामंत्री नीरज कन्नौजे भिलाई स्थित उनके निवास पहुंचकर उन्हें गुलदस्ता भेंट कर और केक काटकर उनके मुंह मीठा कराकर ढेर सारी शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर श्री बघेल उन्हें देखकर गदगद हो गए।

गौरतलब है कि श्री बघेल के राजनांदगांव के लोकसभा प्रत्याशी रहते और उससे पूर्व उनके प्रत्येक दौरे की सफलता के लिए अपने लाव लश्कर के साथ कड़ी मेहनत की है। जिसे श्री बघेल भूले नहीं है। यही वजह है कि श्री बघेल ने उन्हें देखकर विशेष सम्मान दिया और उनसे चर्चा के लिए काफी समय निकालकर विशेष तौर से नगरी निकाय चुनाव के संबंध में खुलकर चर्चा की है। इस अवसर पर श्री कन्नौज ने विनम्रता पूर्वक कहा कि वे (श्री बघेल) जैसा भी आदेश करेंगे मानने के लिए तैयार हैं।

इस दौरान श्री कन्नौजे के साथ प्रदीप यादव, सहदेव साहू, जावेद, पारस गुप्ता, संदीप सोनी, सुरेंद्र मंडावी, कुमुद साहू, अमन भाई सहित बड़ी संख्या में शहर दक्षिणी मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हलषष्ठी का व्रत रख बच्चों के दीर्घायु की कामना की महिलाओं ने

डोंगरगढ़(दावा)। अपने संतान के दीर्घायु और मंगल कामना हेतु महिलाओं ने व्रत रखा। व्रत के माध्यम से छठ माता से पुत्र का वरदान एवं बच्चों के दीर्घायु होने की कामना की। हलषष्ठी व्रत का सभी महिला बहनों ने मां रणचंडी प्रांगण में अपने बच्चों के लंबी आयु एवं सुख समृद्धि के लिए उपवास रखकर सगरी खोद कर मां हल्षी एवं शिव परिवार का सभी ने पूजा किया। मनोरमा त्रिपाठी के मुखारबिन से कथा से पूजा आरती कराई गई। पूजा के बाद छह प्रकार की भाजी एवं लाल चावल पसहर चावल से व्रत खोलेंगे, अंचला सिंह ठाकुर, सीता धुर्वे, गजरा, संतोषी यादव, चंद्रभागा, पूनम, पूर्णिमा, दिव्या, दीपिका देवी का, पूजा, रत्नाकला, मां बाई, राम बाई, चांगुना बाई, दुर्गा सिन्हा, पायल सहित अन्य बहने पूजा में शामिल हुई।

# सही राजस्व वसूली के लिये निगम का डिमाण्ड दुरूस्ती अभियान



**अपने घर व प्रतिष्ठान की वर्तमान क्षेत्रफल के आधार पर स्व विवरणी भर राजस्व करों का भुगतान करने करदाताओं से आयुक्त ने की अपील**

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली के लिये सुनियोजित अभियान चलाया जा रहा है, सही राजस्व वसूली हेतु भौतिक सत्यापन कर डिमाण्ड दुरूस्त करने निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने सभी उप अभियंताओं को दायित्व सौपा है। उप अभियंता अपने अपने प्रभारित वार्ड में राजस्व उप निरीक्षण एवं सहायक राजस्व निरीक्षक के साथ जाकर भौतिक सत्यापन कर स्व विवरणी भरेंगे। आयुक्त सहित उपायुक्त मोबिन अली, राजस्व अधिकारी अशोक देवांगन डिमाण्ड दुरूस्त करने स्वयं स्थल में जाकर अधिकारियों के साथ स्व विवरणी भर रहे है।

डिमाण्ड दुरूस्ती अभियान में आज आयुक्त श्री गुप्ता राजस्व टीम के साथ बसंतपुर डोंगरगॉव रोड, अनुपम नगर, जी.ई.रोड, रामाधीन मार्ग के बडे प्रतिष्ठानों का भौतिक सत्यापन कर डिमाण्ड दुरूस्त किये। वही उपायुक्त मोबिन अली भी अलग टीम के साथ स्थल में जाकर सही डिमाण्ड के लिये भौतिक सत्यापन किये तथा उन्होंने इस संबधं में करदाताओं को जानकारी भी दिये। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शासन लक्ष्य के अनुरूप माहवार राजस्व वसूली प्राप्त नहीं हो रही है। राजस्व वसूली के लिये राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक अपने अपने निधारित वार्ड में जाकर वसूली कर रहे है, बड़े बकायादारों को टीम द्वारा नोटिस देकर वसूली की जा रही है। उन्होंने बताया कि वसूली की समय-समय पर समीक्षा भी की जाती है। इसके बावजूद लक्ष्य के अनुरूप वसूली प्राप्त नही हो रही है। चालू एवं बकाया डिमाण्ड की जॉच करने पर अधिकाश घरों व प्रतिष्ठानों में भिन्नता पायी गयी है, भिन्नता का प्रमुख कारण पुराने डिमाण्ड से वसूली था।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि कई करदाताओं के द्वारा मकान विस्तार किया गया है, साथ ही उपर मंजिल भी बना ली गयी है, किन्तु करो का भुगतान पुराने डिमाण्ड के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सही राजस्व वसूली के लिये भौतिक सत्यापन कर वर्तमान क्षेत्रफल के आधार पर स्वं विवरणी भरा जा रहा है। इसके लिये करदाताओं को डिमाण्ड की जानकारी दी जा रही है और उसके आधार पर करो का भुगतान करने समझाईस दी जा रही है। आयुक्त श्री गुप्ता ने करदाताओं से अपील करते हुये कहा है कि वे अपने घर व प्रतिष्ठान के वर्तमान क्षेत्रफल के आधार पर स्व विवरणी भरे, और नया दर अनुसार अंतर की राशि सहित भुगतान करें। उन्होंने कहा कि निगम की टीम को डिमाण्ड दुरूस्तीकरण में सहयोग कर नगर विकास में सहभागी बने।

# फास्ट ट्रेक कोर्ट का फैसला, हत्या के मामले में माता-पिता-पुत्र को उम्रकैद की सजा




राजनांदगांव (दावा)। फास्ट ट्रैक कोर्ट, जिला न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार साहू द्वारा हत्या के एक मामले में सुनवाई उपरांत आज दिनांक-24 अगस्त को फैसला सुनाते हुए आरोप साबित पाये जाने पर अभियुक्तगण शिवकुमार बंधे पिता भागवत बंधे, उम्र 47 साल, हितेश कुमार उर्फ भुरवा पिता शिवकुमार बंधे, उम्र 22 साल एवं श्रीमती दुर्गा बाई बंधे पति शिवकुमार बंधे, उम्र-45 साल सभी निवासी ग्राम घोरतलाव, थाना-बागनदी, जिला-राजनांदगांव (छग) को भारतीय दंड विधान की धारा 302/34 के तहत् आजीवन कारावास तथा 1000-1000 रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में 1-1 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा से दंडित किये जाने का दण्डादेश पारित किया गया।

मामले में छत्तीसगढ़ राज्य की ओर पैरवी करने वाले अतिरिक्त लोक अभियोजक, फास्ट ट्रेक कोर्ट, राजनांदगांव आदित्य प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि, गत 18 मार्च 2022 को सुबह 9 बजे प्रार्थी शिमंज खरे पिता स्व. नारायण खरे, उम्र-25 साल, निवासी घोरतलाव गांव के चौक में खड़ा था, उसी समय गांव का शिवकुमार बंधे आया और पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ गाली-गुप्तार करने लगा, जिसे गाली देने से मना करने पर शिवकुमार बंधे, शिमंज खरे के साथ मारपीट पर उतारू हो गया, जिसे गांव के जागेश्वर द्वारा छुड़ाया गया। रात्रि लगभग 10.30 बजे शिमंज खरे, सूरज टंडन के साथ गांव में घुमते हुये ताराचंद के घर के आगे रोड में पहुंचा था कि, उसी समय अभियुक्तगण शिवकुमार बंधे एवं उसकी पत्नि दुर्गा बाई व उसका बड़ा लड़का हितेश कुमार बंधे उर्फ भुरवा आया और सुबह के झगड़े की बात को लकर शिमंज खरे को मां-बहन की अश्लील गाली-गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देते हुये शिवकुमार बंधे, सिमंज खरे को लकड़ी के डंडे से मारा, शिवकुमार की पत्नि दुर्गा एवं बड़ा बेटा हितेश हाथ-मुक्का से मारपीट किये तब सिमंज खरे अपने आप को बचाकर भागकर अपने घर आकर अपनी मां जमुना बाई व छोटे भाई प्रकाश खरे को बताया। मारपीट करने से सिमंज खरे को सिर में चोंट आया, जिसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना बागनदी द्वारा रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण जांच में लिया गया था। आरोपीगण के द्वारा मारपीट किये जाने से उपचार के दौरान दिनांक 22.03.2022 को सिमंज खरे की मेडिकल कॉलेज, राजनांदगांव में मृत्यु हो गई। दौरान जांच के आरोपीगण शिवकुमार बंधे, हितेश कुमार उर्फ भुरवा एवं दुर्गा बाई बंधे को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया तथा संपूर्ण जांच उपरान्त भारतीय दंड विधान की धारा 294, 323, 506, 34, 302 के तहत् अभियोग पत्र विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था।

# उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषणा को लेकर समिति का गठन किया गया

**दल्लीराजहरा । प्रदेश के लंबित उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषणा को लेकर प्रदेश सरकार ने गंभीरता दिखाते हुए उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषणा समिति का गठन किया गया ।**

**दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे**

**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक: 05/निविदा/विद्युत/निर्माण/द.पू.म.रेलवे/बी.एस.पी./2024, दिनांक: 20.08.2024

**कार्य का नाम:** "द.पू.म. रेलवे नागपुर मंडल के राजनांदगांव-नागपुर के मध्य रेलवे लाइन तिहरीकरण कार्य के अंतर्गत स्टेशनों, एलसी गेटों, स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया, एप्रोच रोड, विद्युत अतिक्रमण को हटाने और स्थानांतरित करने और बिजली आपूर्ति व्यवस्था आदि का बचा हुआ कार्य" । **निविदा मूल्य:** रू. 1,59,09,140/- (एक करोड़ उनसठ लाख नौ हजार एक सौ चालीस), **बयाना राशि:** रू. 2,29,600/-, **निविदा बंद होने का समय एवं दिनांक:** 17.09.2024 को 15:30 बजे, **कार्य पूर्णता की अवधि :** 12 (बारह) माह स्वीकृती पत्र जारी होने की तारीख से।

**वेबसाइट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थान:** उपर दिए गए कार्य के लिए विस्तृत जानकारी/ई-निविदा दस्तावेज पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु ई-निविदा को कागजात, जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउनलोड कर/देख सकते हैं ।

कृते उप-मुख्य विद्युत अभियंता(निर्माण)
सीपीआर/10/206 द.पू.म.रेलवे नागपुर

South East Central Railway @secrail

## अनमोल दावा

**प्रेरणा का सबसे बड़ा स्त्रोत आपके अपने विचार है, इसलिए बड़ा सोचे और खुद को जितने के लिए हमेशा प्रेरित करें।**

# भारत-बांग्लादेश के बीच विवाद का कारण बने डंबूर बांध में आखिर क्या हुआ है?

**अमिताभ भट्टासाली**

पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा बीते तीन दशकों से भी ज्यादा अरसे में आने वाली सबसे भयावह बाढ़ से जूझ रहा है. राज्य सरकार ने इसकी जानकारी दी है.त्रिपुरा सरकार के एक मंत्री ने बीबीसी बांग्ला से कहा है कि अगस्त महीने के दौरान अब तक सामान्य से 151 प्रतिशत ज्यादा बारिश हो चुकी है.राज्य प्रशासन ने बताया है कि इस बाढ़ के कारण अब तक कम से कम 24 लोगों की मौत हो चुकी है और दो लोग लापता हैं.राज्य सरकार ने बृहस्पतिवार की शाम को बताया है कि विभिन्न इलाकों में करीब 17 लाख लोग बाढ़ की चपेट में हैं. राज्य में बीते चार दिनों से लगातार भारी बारिश हो रही है.

त्रिपुरा के बिजली मंत्री रतन लाल नाथ ने बीबीसी बांग्ला को बताया कि सिर्फ गोमती जिले में ही इस महीने के दौरान 656.6 मिमी बारिश हो चुकी है. यह स्वाभाविक बारिश (196.5 मिमी) के मुकाबले 234 प्रतिशत ज्यादा है. गोमती पनबिजली केंद्र के तहत दम्बुर बैराज उसी जिले में है.

राजधानी अगरतला समेत राज्य के ज्यादातर इलाके पानी में डूबे हैं. इसके साथ ही हावड़ा, खोवाईस मुहूरी और ढालाई समेत राज्य की तमाम नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं.

भारतीय मौसम विभाग ने राज्य के तीन जिलों में रेड अलर्ट और बाकी में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है.त्रिपुरा की ओर से ये बयान ऐसे समय आया है जब एक दिन पहले ही भारत सरकार ने भी बांग्लादेश के बाढ़ से त्रिपुरा के बांध को जोड़ने पर अपना पक्ष रखा था.कई बांग्लादेशी संगठन अपने देश में आई बाढ़ के पीछे भारत को ज़िम्मेदार ठहरा रहे थे.इन संगठनों का दावा था कि त्रिपुरा के दम्बुर जलविद्युत परियोजना के बांध को खोल दिया गया, इस कारण बांग्लादेश में बाढ़ आई.इस पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी किया, च्बांग्लादेश में बाढ़ की मौजूदा स्थिति पर यह चिंता जताई गई है कि यह त्रिपुरा में गुमती नदी पर बने दम्बुर बांध के खोलने से पैदा हुई है. यह पूरी तरह से सही नहीं है.ज्विदेश मंत्रालय के मुताबिक़, भारत और बांग्लादेश से होकर बहने वाली गुमती नदी के तटीय इलाक़ों में इस साल भारी बारिश हुई है.भारत का कहना है कि बांग्लादेश में बाढ़ इन इलाक़ों से नीचे की ओर जाने वाले पानी की वजह से आई है.विदेश मंत्रालय ने



बतायाकि त्रिपुरा दम्बुर बांध बांग्लादेश की सीमा से 120 किलोमीटर दूर है. यह एक छोटी ऊंचाई वाला बांध है जो बांग्लादेश को भी 40 मेगावॉट की बिजली सप्लाई करता है.मौजूदा बाढ़ के कारण जिन जिलों में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, उनमें गोमती भी शामिल है. बांग्लादेश के मीडिया ने दावा किया गया है कि इसी जिले में गुमती पनबिजली केंद्र के डंबूर स्लूइस गेट को खोल देने के कारण बांग्लादेश के कई इलाकों में भारी बाढ़ आ गई है.वह पनबिजली परियोजना त्रिपुरा के बिजली विभाग के तहत है.बिजली मंत्री रतन लाल नाथ ने बीबीसी बांग्ला से कहा, डंबूर बांध के गेट को खोलने के मुद्दे पर जो कुछ लिखा जा रहा है वह महज कुप्रचार है. ऐसी खबरें निराधार हैं. गोमती पनबिजली केंद्र के तहत बने डंबूर बांध का कोई गेट नहीं खोला गया है.

उन्होंने कहा, इस केंद्र में बने जलाशय की अधिकतम भंडारण क्षमता 94 मीटर है. जलस्तर इससे ज्यादा होने की स्थिति में अतिरिक्त पानी स्वचालित रूप से गेट से बाहर निकल जाता है. जलस्तर कम होने पर गेट खुद से बंद हो जाते हैं.

फिलहाल जलस्तर भंडारण क्षमता से ज्यादा होने के कारण दो गेटों से पानी बाहर निकल रहा है. इनमें से एक गेट से 50 प्रतिशत की दर से पानी बाहर निकल रहा है. संबंधित इलाके के लोगों को लाउडस्पीकर के जरिए पहले से ही इस बारे में सतर्क कर दिया गया था.उनका कहना था कि त्रिपुरा ने बीते तीन दशकों में ऐसी भयावह बाढ़ नहीं देखी है.

त्रिपुरा के मंत्री रतन लाल कहते हैं, वर्ष 1993 में 21 अगस्त को राज्य के सबरूम जिले में एक दिन में सबसे ज्यादा 247 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई थी. इसके मुकाबले इस साल 20 अगस्त को एक ही दिन में 375.8 मिमी बारिश हुई थी. ठीक 31 साल बाद चौबीस घंटों के दौरान इतनी ज्यादा बारिश हुई है.मंत्री का कहना था कि अगर महीने भर का हिसाब देखें तो अगस्त के पहले 21 दिनों के दौरान आम तौर पर 214 मिमी बारिश होनी चाहिए थी. लेकिन इसकी जगह 538.7 मिमी बारिश हो चुकी जो 151 प्रतिशत ज्यादा है.उनका कहना था कि इतनी ज्यादा बारिश के कारण तीन दशक के बाद ऐसी भयावह बाढ़ आना स्वाभाविक है.त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मानिक साहा ने बृहस्पतिवार को राजधानी अगरतला में पत्रकारों को बताया कि राज्य प्रशासन युद्धस्तर पर राहत और बचाव कार्य में जुट गया है.राज्य के राहत, पुनर्वास और आपदा प्रबंधन विभाग ने बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में खोले गए 450 राहत शिविरों में फिलहाल 65 हजार से ज्यादा लोग रह रहे हैं.मुख्यमंत्री ने बताया कि बचाव कार्य के लिए दो हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल किया जा रहा है. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन की कई अतिरिक्त टीमें भी राज्य में पहुंच गई हैं.उसके अलावा राज्य आपदा प्रबंधन विभाग की टीमें, असम राइफल्स और त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के जवान भी राहत और बचाव कार्य में जुटे हुए हैं.भारतीय मौसम विभाग ने शुक्रवार को भी राज्य में भारी से अति भारी बारिश और कुछ जगहों पर वज्रपात के साथ बारिश की भविष्यवाणी की है.विभाग की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि बांग्लादेश के उत्तरी इलाके में पैदा होने वाले हवा के निम्न दबाव की वजह से त्रिपुरा और मिजोरम के कुछ इलाकों में अति भारी बारिश हो सकती है. इसकी वजह से पूर्वोत्तर के कई राज्यों में फ्लैश फ्लड (अचानक आने वाली बाढ़) की भी आशंका बनी हुई है.बांग्लादेश के अखबारों में छपी खबरों में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल से सटे पर्वतीय राज्य सिक्किम से निकलने वाली तीस्ता नदी का जलस्तर भी खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है.लेकिन, पश्चिम बंगाल के उत्तरी इलाके में बहने वाली नदियों के विशेषज्ञ और इलाके में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यकर्ता राजू बसु ने कहा है कि सिक्किम में दो दिन पहले बड़े पैमाने पर भूस्खलन की घटना जरूर हुई है, लेकिन फिलहाल तीस्ता के बेसिन में भारी बारिश नहीं हो रही है. बसु बीबीसी बांग्ला से कहते हैं, फिलहाल किसी दिन धूप हो रही है तो किसी दिन बारिश. इसके कारण भूस्खलन की आशंका बढ़ रही है.

# अमन की राह में भारत के कदम, रूस के बाद यूक्रेन की यात्रा के पीछे पीएम मोदी का बड़ा संदेश

भारत के लिए भी बातचीत का रास्ता निकालना आसान नहीं है। मगर प्रधानमंत्री की दोनों देशों की बारी-बारी से यात्रा और युद्ध का रास्ता छोड़ने की अपील से विश्व बंधुता का रास्ता तो बना ही है। उम्मीद की जाती है कि रूस और यूक्रेन थोड़ा लचीला रुख अपनाते हुए समझौते के लिए बीच के किसी रास्ते पर चलने को तैयार हो जाएं।

प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा से स्वाभाविक ही सबको काफी उम्मीदें थीं। खुद प्रधानमंत्री भी वहां रवाना होने से पहले काफी उत्साहित थे। उन्होंने कहा था कि वे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मिलने को लेकर उत्सुक हैं। जेलेंस्की ने बहुत गर्मजोशी से उनका स्वागत किया और वहां युद्ध की स्थितियों से उन्हें अवगत कराया। दोनों नेताओं के बीच बातचीत मुख्य रूप से युद्ध रोकने के उपाय तलाशने पर ही केंद्रित रही। यूक्रेन ने इच्छा जताई कि भारत शांति समझौते में सदा साथ रहे। हालांकि इस दौरान दोनों देशों ने चार समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए।

अधिकारियों ने बताया कि इन समझौतों से कृषि, खाद्य उद्योग, चिकित्सा, संस्कृति और मानवीय सहायता के क्षेत्र में सहयोग सुनिश्चित होगा। प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा पर इसलिए भी दुनिया की निगाहें बनी हुई थीं कि शुरू से रेखांकित किया जा रहा है कि भारत ही रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग रुकवा सकता है। हालांकि भारत शुरू से ही दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों से बातचीत कर युद्ध का रास्ता छोड़ने की अपील करता रहा है। यूक्रेन रवाना होने से पहले भी प्रधानमंत्री ने कहा था कि यह दौर युद्ध का नहीं है, युद्ध से किसी समस्या का समाधान नहीं निकल सकता।यूक्रेन से पहले प्रधानमंत्री रूस भी गए थे। तब जेलेंस्की ने काफी नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को दुनिया का सबसे बड़ा अपराधी बताते हुए उनसे भारतीय प्रधानमंत्री के गले मिलने की आलोचना की थी। मगर अब वे भारत के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करने को लेकर उत्साहित नजर आए। प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब यूक्रेन ने रूसी इलाकों में हमले तेज कर दिए हैं। इसे देखते हुए कहना मुश्किल है कि प्रधानमंत्री की अपीलों का यूक्रेन या फिर रूस पर कितना असर पड़ेगा। पहले भी कई मौकों पर प्रधानमंत्री पुतिन से फोन पर बातचीत करके या फिर आमने-सामने यूक्रेन पर हमले बंद करने की अपील कर चुके हैं।

पिछले दिनों रूस जाकर भी उन्होंने पुतिन से यही अपील की थी। मगर अभी तक ऐसा कोई मौका नजर नहीं आया, जब रूस ने भारत की अपील पर संजीदगी दिखाई हो। शंघाई शिखर सम्मेलन के दौरान आमने-सामने बातचीत के बाद लगा था कि पुतिन ने भारतीय प्रधानमंत्री की अपील को गंभीरता से लिया है, मगर वहां से लौटते ही उन्होंने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए थे।रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष का असर पूरी दुनिया पर पड़ा है। यूक्रेन में बड़ी संख्या में नागरिक मारे गए हैं, उसकी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। यूक्रेन का वाणिज्य और व्यापार बाधित हुआ है। वह चाहता तो है कि युद्ध विराम पर समझौता हो, मगर वह रूस की शर्तें मानने को तैयार नहीं है। रूस की शर्त है कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता त्याग दे। दोनों में से कोई, किसी भी रूप में झुकने को तैयार नजर नहीं आता। ऐसे में बातचीत की मेज पर बैठने की सूरत बने भी तो कैसे, यही सबसे कठिन सवाल है।भारत के लिए भी बातचीत का रास्ता निकालना आसान नहीं है। मगर प्रधानमंत्री की दोनों देशों की बारी-बारी से यात्रा और युद्ध का रास्ता छोड़ने की अपील से विश्व बंधुता का रास्ता तो बना ही है। उम्मीद की जाती है कि रूस और यूक्रेन थोड़ा लचीला रुख अपनाते हुए समझौते के लिए बीच के किसी रास्ते पर चलने को तैयार हो जाएं।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 240 : सुमंत जी पर राम-अभिषेक को रोकने और वनवास की सूचना जारी करने का धर्म संकट

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



श्री राम के राजा दशरथ और रानी कैकेई के वार्तालाप के मध्य से माता कौशल्या के कक्ष की ओर प्रस्थान करने के बाद सुमंत जी के लिए कुछ शेष ही नहीं था। कुछ देर उन्होंने राजा दशरथ की ओर प्रश्न वाचक दृष्टि से निहारा। अचेत हो चुके राजा दशरथ कोई निर्देश देने की स्थिति में नहीं थे।रानी कैकेई की आंखों में स्वयं के प्रति क्रोध के भाव देखने के बाद सुमंत जी का वहां रुकना निरर्थक था।

''अब और कुछ शेष है सुमंत जी या आपको सीधे आदेश देना पड़ेगा कि आप जाकर राम के वनवास के संबंध में आधिकारिक सूचना जारी करें। साथ ही कुमार भरत के अभिषेक के संबंध में किसी सुविधाजनक तिथि की घोषणा भी करें।'' रानी कैकेई ने कड़े स्वर में कहा।

यह सुमंत जी के लिए विचित्र और अपमानजनक स्थिति है।एक श्रेष्ठ सभासद और राजा दशरथ के निज सहायक जैसी भूमिका निभाने वाले विद्वान सुमंत जी उनके सारथी का कर्तव्य भी निभाते हैं। सुमंत जी अब से कुछ देर पूर्व तक भी श्री राम के अभिषेक की तैयारी में व्यस्त थे। उन्होंने रात्रि में देर तक जागरण किया है। घड़ी भर को उनकी नींद लगी थी कि सुबह फिर राजप्रासाद आना था। हर्ष और प्रसन्नता के कारण सुमंत जी का मानो स्वयं पर कोई नियंत्रण नहीं था। सुमंत जी आज्ञाकारी हैं।वे अब उस सूचना को अयोध्या नगरी में प्रसारित करेंगे जो अयोध्या नगरी के किसी भी व्यक्ति के लिए स्वीकार्य नहीं हो सकती है। स्वयं उनके लिए यह अत्यंत पीड़ा की स्थिति है कि वे श्री राम के अभिषेक की तैयारी को रोकने और उनके वनवास की घोषणा करेंगे।

सुमंत जी भारी कदमों से आगे बढ़ रहे हैं। उनके लिए एक पग उठाना भी दूभर है। सामने से रानी सुमित्रा आती हुई दिखाई दीं। उन्होंने पूछा, ''सुमंत जी क्या आपने पुत्र लक्ष्मण को कहीं देखा है?''

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

# कृष्ण जन्माष्टमी पर घरों में सजाते झांकी

हर साल भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाती है। इस साल श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 26 अगस्त 2024 को मनाई जाएगी। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की जाती है और कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं।

हिंदू धर्म में जन्माष्टमी पर्व का विशेष महत्व है। जन्माष्टमी का त्यौहार भगवान श्री कृष्ण के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। हर साल भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाती है। इस साल श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 26 अगस्त 2024 को मनाई जाएगी। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की जाती है और कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं। इस दिन लोग व्रत रखकर पूजा-पाठ करते हैं और कान्हा के जन्म का उत्सव मनाते हैं। इसी के साथ ही जन्माष्टमी पर मंदिर से लेकर घरों में लड्डू गोपाल की भव्य झाँकियां तैयार की जाती हैं। आइये जानते हैं कान्हा की झांकी सजाने के नियम और उनके लाभ के बारे में।

### जन्माष्टमी पर झांकी सजाने के नियम और लाभ

जन्माष्टमी को किसी त्योहार के रूप में नहीं



बल्कि उत्सव के रूप में मनाया जाता है। यह एक ऐसा पर्व है जो हमारे जीवन से नकारात्मकता को दूर कर सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। जन्माष्टमी पर झांकी सजाने का उद्देश्य केवल नियम मात्र नहीं होता, बल्कि इसके कई लाभ भी हैं। आइए जानते हैं जन्माष्टमी पर झांकी सजाने के नियम और उससे जुड़े लाभ के बारे में।

जन्माष्टमी पर मोर पंख से झांकी सजाने से कालसर्प दोष से मुक्ति मिलती है। आप मोरपंख को कान्हा के मुकुट या झूले आदि पर सजा सकते हैं। मोर पंख कृष्ण की प्रिय वस्तुओं में एक है। भाग्योदय या भाग्य में वृद्धि के लिए जन्माष्टमी पर झांकी में गाय और बछड़े की मूर्ति या तस्वीरें भी रखें। साथ ही झांकी तैयार करने के लिए वैजयंती फूलों का भी प्रयोग करें। इन चीजों से कान्हा को अत्यधिक लगाव है।

जन्माष्टमी पर झांकी तैयार करने में श्रीकृष्ण के प्रिय वस्तुओं का प्रयोग करना सबसे अच्छा होता है। इसलिए आप बांसुरी का प्रयोग जरूर करें। आप झूले या मूर्ति के पास बांसुरी जरूर रखें। इससे घर पर सुख-शांति बनी रहती है और सभी परेशानियों का नाश होता है।

### कृष्ण जन्माष्टमी की झांकी

झांकी सजाते समय इन बातों का रखें ध्यान

झांकी सजाने के लिए सजावटी सामग्रियों में टूटी-फूटी वस्तुओं का प्रयोग न करें।

कांटेदार पौधे, फूल या पत्तों के स्थान पर वैयजंती के फूल, अशोक के पत्ते, आम के पल्लव, केले के खंभे आदि का प्रयोग करें।

रबर प्लांट या श्वेतार्क जैसे पौधों जिनसे दूध निकलता हो, उनका प्रयोग भी झांकी सजाने के लिए न करें। घर के दक्षिण, पश्चिम या दक्षिण-पश्चिम दिशा में झांकी सजाने से बचना चाहिए।

कान्हा की झांकी सजाने के लिए ईशान कोण यानी उत्तर-पूर्व दिशा को सबसे अच्छा और शुभ माना जाता है।

## कहानी

# कर्म और धर्म

अनन्य बाहर आँगन में बैठे-बैठे बंगला के सुप्रसिद्ध कथाकार बनफूल की कहानी-'भीतर और बाहर'-पढ़ रहा था- ''हमारा मन साधारवतः दो हिस्सों में बॅटा है, एक हिस्सा भीतरी है, एक बाहरी। मन का बाहरी हिस्सा मद्र है, सामाजिक है, सम्य है। परन्तु भीतरी मन हर समय सम्य या सामाजिक नहीं रहता। उसकी चाल-चलन, चिन्ता-प्रणाली विचित्र है। बाहरी मन के कार्यकलापों को देखकर भीतरी मन कभी रोता है, कभी हॅसता है, पर कम ही उसकी बातों का समर्थन करता है। हर रोज दोनों में कलह हुआ करता है।'' पढ़ते-पढ़ते अनन्य को अचानक किशोर बाबू की याद आ गई। बड़ा विचित्र स्वभाव पाया है उन्होने। कभी लगता वे बाहर और भीतर से एक हैं। कभी ऐसा प्रतीत होता, बाहर का उनका मन जीवन्त है और भीतरी मन मृत प्राय हैं। नहीं.....नहीं, ऐसा कहना भी उचित नहीं। किशोर बाबू का बाहरी मन के दर्शन तो जब-तब होते रहते हैं पर भीतरी मन कभी कभार अनायास सामने वाले की समझ में आ जाता है। अब देखो न, बात-बात पर दिल्लगी उड़ाने वाले मस्तराम जिसे लोग उसके स्वभाव को उजागर करने के लिए मसरवरे राम कहते हैं, वही एक दिन किशोर बाबू के पीछे पड़ गये।

- किशोर बाबू! आज तो आप टमाटर जैसे एकदम लाल दिख रहे हो। इतने ढेर सारे महंगे टमाटर कहॉ से खरीद लाए। बाबूगिरी में आपको भी 'ऊपरी' ने मोह लिया है क्या?''

किशोर बाबू उस मसरवरे की, बातों पर ध्यान न देकर, प्लान सी हॅसी हॅस कर चुप रह गये।'' पर मस्तराम तो अपनी मसरवरी की मस्ती में थे। वह भला कहाँ चुप रहता। अपना दूसरा व्यंग्य बाण छोड़ा-''अपनी 'ऊपरी' का गुरू हमें भी सिखा दो भैया! ताकि टमाटर के साथ-साथ हम आसमान चढ़े आलू-प्याज भी ले आएँ।'' किशोर बाबू बखूबी जानते थे- इस मुॅहफट को कुछ भी जवाब देना ठीक नहीं। नहीं तो बात बढ़ेगी, शोर गुल से भीड़ इकट्ठी हो जायेगी। कुछ मजा लेने जम जाएंगे तो कई मुॅह बिचका कर अपने रास्ते चले जाएंगे। तो किशोर बाबू भी उत्तर में दोनो हाथ जोड़कर अत्यन्त मिठास से मुखराते हुए गांधी चौक की ओर चल पड़े।

हरभजन सिंह पास बैठे - बैठे मस्तराम की उजड्डता बढ़ा रहा था। और किशोर बाबू की विनम्रता देख रहा था। उसका क्रोध धीरे - धीरे बढ़ रहा था। उसे तो यही लग रहा था कि वह झपाटे से उठे दे। और मस्तराम की सारी मसखरी को एक झापड़ में धराशायी कर दे। हरभजन सिंह के अन्तर्मन को ताड़कर, किशोर बाबू के बहिर्मन ने उन्हें आंखो से शान्त रहने का इशारा किया किशोर बाबू के शान्त मन की ऐसी पराकाष्ठा ने हर भजन सिंह के उत्सुक मन में उथल पुथल मचा दी। वे एकदम फूर्ति से उठाकर अपनी उत्सुकता के समाधान हेतू किशोर बाबू के साथ हो लिए बोले -''किशोर दा ! आप कहें तो साले की सारी मस्ती अभी एक मिनट में उतार दूँ !'' किशोर बाबू ने हर भजन सिंह के कंधे पर, आत्मीयता का हाथ रख कर, बड़े अपने पन से बोले -''नहीं भाई! यह ठीक नहीं होगा। चलो! अपन गांधी चौक के कुऍं की जगत पर आराम से बैठ कर गांधी जी की बांते करते है?'' हरभजन सिंह अभी तक क्रुन्द थे । चकित स्वर में बोले -''ये कैसा आपका धर्म है किशोर दा! वो साला गंवार आप जैसे देवप्ररूप के लिए कुछ भी बके जा रहा है और आप हैं कि..?'' मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा है, आप कृप्रा कर मुझे समझाइए! मेरी जिज्ञासा शान्त कीजिए! होठों पर मीठी हंसी लिए किशोर बाबू ने उत्सकातुर हर भजन सिंह की ओर देखा । कुंए की जगत पर हाथ में रखे अखबार को बिछाते हुए बोले -आओ यहाँ बैठे। मैं समझाता हु हर भजन भाई! आपकी मनोदशा। देखो मैं या! कोई हमसे बुरा कहे कोई हमारा बुरा करे - ये उसका कर्म है, लेकिन हम किसी को बुरा न कहें, हम किसी का बुरा न करे ये हमारा धर्म है''



**-गिरीश बख्शी**

## लघुकथा

# अनुकूल एवं प्रतिकूल

आदमी की दशा आज अनुकूल तो कल प्रतिकूल है, आज जो काम करना है कर लो, कल की कोई गारंटी नहीं, आज सब कुछ ठीक है, चित्त शांत है, कल अशांत हो जाएगा, आज कोई बाधा, विध्न असंतोषी नहीं है, किन्तु कल बाधा आ जाएगा। आज सब तरफ से बिना उलझन के कार्य होने की संभावना है, कल का दिन अनेक रूकावटों से अशुभ है, आज अपशकुन हटने की संभावना है, तो कल अहित नजर आ रहा है। रूकावटें पैदा करते हैं अनेक विभागों के मानव, विध्न डालते हैं स्थानीय रहवासी, यदि कोई कार्य बना नहीं सकता, तो उसे बिगाड़ने का भी हक नहीं है। विधि सम्मत चलो, कानून हाथ में न लो, संविधान एवं न्याय शास्त्र का पालन करो, अनुकूल वातावरण को प्रतिकूल मत बनाओ न घबराएँ प्रतिकूलता से, अनुकूलता आकर रहेगा, जीत होगी धीरज की, न्याय की सत्य की। सदा सन्मार्ग पर चलें, नहीं होगा अनर्थ, लक्ष्य से पीछे ना हटें, कायरों से न डरें, चाहे हो शासकीय कार्य, चाहे हो संपत्ति का कार्य, संविधान ने दिया है अधिकार, काहे को होगा तकरार। तो जो कार्य है उसे कर लो, आज ही शीघ्रातिशीघ्र।

काल करै सो आज कर, आज करै सो अब्ब,
पल में परलैय होयगी, बहुरि करैगा कब्ब।।




**देवेन्द्र मोहबे**

## राशिफल




**मेष**

आज आपके दिन की शुरुआत शांत मन होगी। आज अपनी किसी कमजोरी पर विजय पाने के लिए किए गए प्रयासों के परिणाम मिलने वाले हैं। अपने व्यक्तित्व में भी सकारात्मक बदलाव महसूस करेंगे। आप पूरी मेहनत व परिश्रम से जिस काम को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं।




**वृषभ**

आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपको महसूस होगा की परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व है। आज किसी मित्र से मनपसंद तोहफा मिल सकता है। आपका सकारात्मक दृष्टिकोण आपके व्यक्तित्व को और अधिक निखारेगा। आज आप कोई बड़ा फैसला लेंगे।




**मिथुन**

आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करने के लिए आगे आयेंगे। आज आपकी इच्छा शक्ति और रचनात्मकता में सुधार आएगा। आपके अच्छे संपर्कों का दायरा भी बढ़ रहा है।



**कर्क**

आज का दिन आपके लिए दिन बदलाव से भरा रहने वाला है 7 राजनीति में सफलता प्राप्त होगी, सभा को संबोधित करने का मौका मिलेगा। आज किसी की बुराइयों पर ध्यान ना देकर अपनी दिनचर्या में ही मस्त और व्यस्त रहेंगे। कुछ समय आध्यात्म में बिताएंगे। आप किसी प्रोजेक्ट को पूरा कर लेंगे।



**सिंह**

आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज का दिन महिलाओं के लिए बहुत ही अनुकूल है। आप हर परिस्थिति का मुकाबला हिम्मत व साहस से करेंगे। कुछ नई योजनाएं बनेंगी, जो कि आने वाले समय में लाभदायक साबित होगी। परिवार के साथ कोई लंबी यात्रा का भी प्रोग्राम बन सकता है।



**कन्या**

आज आपका दिन शानदार रहेगा 7 नौकरी करने वाले लोगों की अच्छी इनकम होगी। आज कारोबार में वरिष्ठ अधिकारियों परिवार के सदस्यों का उचित समर्थन और मदद मिलेगी। फोन और संपर्कों के माध्यम से भी गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेंगी। आज धन के मामले में धैर्य और शांति बनाए रखने की जरूरत है।



**तुला**

आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। कुछ नए विषयों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिसमें गुरुजनों का साथ मिलेगा। आज आपका व्यक्तित्व और स्वभाव आसपास के लोगों के बीच में सराहनीय रहेगा। इस समय कई खर्चे सामने आएंगे, और साथ ही आय के स्त्रोत भी बढ़ने से आर्थिक समस्या नहीं रहेगी।



**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। आज आपकी उदासी की वजह आपकी नेगेटिव थिन्किंग हो सकती है। आज अपने किसी विशेष काम में मनोनुकूल सफलता हासिल करने में सक्षम रहेंगे, इससे आपका मान- सम्मान बढ़ेगा और नई उपलब्धियों को पाने का रास्ता भी बनेगा।



**धनु**

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आप अपनी ऊर्जा और सूझबूझ द्वारा कोई लक्ष्य पाने में सफल हो सकते हैं। कार्यप्रणाली बेहतर होगी और मनचाही सफलता मिलने से थकान दूर होगी। आज जीवन साथी तथा परिवार जनों का सहयोग आपके मनोबल और आत्मविश्वास को बनाए रखेगा।



**मकर**

आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आपकी गतिशीलता और आकर्षक व्यक्तित्व भरपूर बना रहेगा। आज अपनी योजनाओं को मूर्त रूप देने का अनुकूल समय है। आज कुछ समय रचनात्मक तथा मनोनुकूल काम के लिए भी जरूर निकालें, इससे आपको मानसिक सुकून मिलेगा।



**कुंभ**

आज का आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे।



**मीन**

आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। भाई, बहनों का सहयोग मिलेगा7 आप अपने किसी काम को नया रूप देने के लिए रचनात्मक गतिविधियों का सहारा लेंगे। इसमें उचित सफलता भी मिलेगी। आज घर के बड़े बुजुर्गों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहेंगे और उनका ख्याल रखेंगे।

# गोविन्दा उत्सव को लेकर असमाजिक तत्व के व्यक्तियों पर डोंगरगढ़ पुलिस की कार्यवाही

**शहर में शांतिपूर्ण गोविन्दा उत्सव मनाने हेतु क्षेत्र के आदतन बदमाश/हुड़दंगियों पर की गई प्रभावी कार्यवाही**



डोंगरगढ़(दावा)। गोविन्दा उत्सव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देश पर अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना क्षेत्र में अपने टीम के साथ लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है। इसी अभियान के तहत आज दिनांक 24 अगस्त को डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा शहर में आम जनता शांति एंव सौहार्द्रपूर्ण से गोविन्दा उत्सव मना सके इसे ध्यान में रखते हुये शहर के आदतन बदमाश, हुडदंगियों, असामाजिक तत्व एवं हमेशा मारपीट लड़ाई-झगड़े में संलिप्त रहने वाले 09 व्यक्तियों को धर पकड़कर परेड कराया गया एवं बदमाशों के विरूद्ध, प्रतिबंधित करने हेतु धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की जाकर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है।

### अनेक व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई

जिन व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई उनमें मोन्टु निषाद पिता मुधलाल निषाद उम्र- 29 साल निवासी खुंटापारा, धनेश यादव पिता फगुवा यादव उम्र- 24 साल निवासी कश्मीरी पारा, लक्ष्मण राठौर पिता हीरालाल राठौर उम्र- 27 साल निवासी इंदिरा नगर, समसुद्दीन कुरैशी पिता कुदबुद्दीन कुरैशी उम्र- 26 साल निवासी कश्मीरी पारा, भास्कर वर्मा पिता परदेशी राम वर्मा उम्र- 30 साल निवासी अछोली, पियुष परिहार पिता विजय परिहार उम्र- 24 साल निवासी पटेल वार्ड, भोजराज सिंह राजपूत पिता संघा सिंह राजपुत उम्र- 55 साल निवासी भगत सिंह चौक, सुमीत कुमार घरड़े पिता रमेश कुमार घरडे उम्र- 27 साल निवासी भुरवाटोला अटल आवास, सन्जु थापा पिता स्व0 धन बहादुर थापा उम्र- 30 वर्ष निवासी रजानगर सभी निवासी डोंगरगढ़ शामिल है।

# सी.सी.रोड निर्माण को लेकर हाईस्कूल के प्रिंसिपल की सीएमओ से ठनी



छुरिया (दावा)। पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम स्कूल के मेन गेट के पास किये जा रहे सी.सी. रोड के निर्माण को लेकर विद्यालय के प्राचार्य और नगर पंचायत सीएमओ के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गयी। नगर पंचायत विद्यालय परिसर में स्थित सरकारी क्वार्टर में जाने के लिए सी.सी.रोड निर्माण करा रहे थे। प्राचार्य ने तहसीलदार से इसकी शिकायत करते हुए निर्माण कार्य को रूकवा दिया है। इससे सी.सी. रोड निर्माण खटाई में पड़ गया है।

मिली जानकारी अनुसार विद्यालय परिसर में स्थित नगर पंचायत सरकारी क्वार्टर में जाने के लिए सी.सी.सड़क का निर्माण किया जा रहा था। जिसके लिए स्कूल प्रशासन से नगर पंचायत द्वारा अनुमति नहीं ली गई थी। वही इस निर्माण कार्य से स्कूल के विद्यार्थियों को आने-जाने में तकलीफ एवं दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती। इससे नाराज प्राचार्य धनेश सिन्हा ने निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य को लेकर आपत्ति दर्ज करते हुए निर्माण कार्य को तत्काल बंद करने कहा गया। जिससे स्थल पर मौजूद नगर पंचायत सीएमओ सचिन गुप्ता और प्रिंसिपल के बीच निर्माण कार्य को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गयी ।

प्राचार्य सिन्हा ने इसकी शिकायत तहसीलदार विजय कोठारी से की, तब जाकर सी.सी. सड़क निर्माण कार्य को बंद कराया गया। बताया जा रहा है यह मार्ग स्कूली बच्चों के आने-जाने का मार्ग है, उक्त रास्ते पर सी.सी.सड़क निर्माण से इसकी उंचाई बढ़ जायेगी जिससे स्कूली बच्चों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ सकता है। जिसको देखते हुए प्राचार्य ने सी.सी.सड़क निर्माण पर आपत्ति दर्ज कराते हुए उक्त निर्माण कार्य को बंद करा दिया है। विद्यालय परिसर के मेन गेट पर सरकारी क्वार्टर में आने जाने एवं वाहन रखने के उद्देश्य से कराए जा रहे सी.सी.सड़क निर्माण कार्य के लिए विद्यालय की अनुमति भी नहीं ली गई थी। बगैर अनुमति के धड़ल्ले से सी.सी.सड़क निर्माण कराया जा रहा था। जबकि निर्माण कार्य कराए जाने से पहले शाला से अनुमति लेना अनिवार्य है ।

## पहला कॉलम...

### केदारबाड़ी की महिलाओं ने अपने बच्चों के दीर्घायु की कामना के लिए हलषष्ठी व्रत रख की पूजा अर्चना



डोंगरगढ़(दावा)। कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाने वाला हलषष्ठी व्रत पर केदारबाड़ी में निवासरत महिलाओं ने अपने बच्चों के दीर्घायु की कामना के लिए हलषष्ठी व्रत रख छठ माता की पूजा अर्चना की। इस दिन विशेष रूप से महिलाओं द्वारा अपने संतान की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना के लिए व्रत रखा जाता है। वार्ड नंबर तीन केदार बाड़ी में महिला मंडल द्वारा कमर छठ की पूजा अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि और बच्चों के लिए आशीर्वाद मांगा इस कार्यक्रम में बहुत ही महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### कल से खुज्जी में रामधुनी प्रतियोगिता

खुज्जी (दावा)। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर दो दिवसीय रामधुनि प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है जिसमें ख्यातिलब्ध मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि 26 अगस्त श्री कृष्ण जन्माष्टमी को प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा तथा 27 अगस्त को प्रतियोगिता के समापन पश्चात गोविंदा उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा उन्होंने उक्त कार्यक्रम में अधिक अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### बौद्धिक और शारीरिक क्षमता पर व्याख्यान

डोंगरगांव (दावा)। नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगांव में गायत्री तपोभूमि मथुरा से पधारे पूर्व वायु सेना प्रोफेसर रविन्द्र त्रिपाठी द्वारा बौद्धिक और शारीरिक क्षमता विषय पर कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों को व्याख्यान दिया गया । उनके द्वारा विद्यार्थियों की दैनिक दिनचर्या कैसी हो, पढ़ाई में मन कैसे लगाए जैसे विभिन्न जरूरी जानकारियां बच्चो से साझा की। उक्त व्याख्यान में विद्यालय के प्राचार्य श्री बी एल देवांगन और समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

### मंडल भाजपा की बैठक आज

डोंगरगांव (दावा)। मंडल भाजपा की एक आवश्यक बैठक आज रविवार 25 अगस्त को सुबह 11 बजे से स्थानीय यादव भवन में आयोजित की गई है। बैठक में प्रमुख रूप से 1 सितंबर से प्रारंभ हो रहे सदस्यता अभियान की चर्चा की जायेगी। मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने बताया कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा का सदस्यता अभियान प्रारंभ होने वाला है। जिसके लिए विशेष तैयारी के निर्देश के बाद मंडल स्तर पर बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मंडल की बैठक रविवार को आहूत की गई है। उक्त बैठक में मार्गदर्शन हेतु प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, जिपं के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थिति रहेंगे। मंडल अध्यक्ष श्री गुप्ता ने भाजपा, भाजयुमो, महिला मोर्चा सहित समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों, सदस्यों, शक्ति केन्द्र के संयोजक, सहसंयोजक, प्रदेश जिला सहित समस्त स्तर के पदाधिकारियों, बूथ संयोजक, कलस्टर प्रभारी सहित अन्य कार्यकर्ताओं से बैठक में उपस्थिति की अपील की है।

### आज चिरचारीकला में पूरवाही की परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी

छुरिया (दावा)। पूरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा, छुरिया के बैनर तले एवं समिति के वरिष्ठ सदस्य प्रहलाद मिश्रा के संयोजन में चिरचारीकला में आज 25 अगस्त दिन रविवार को प्रातः 11 बजे से मासिक बैठक परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया है। परिषद के अध्यक्ष ग्वाला प्रसाद यादव नटखट और सचिव हेमलाल सहारे ने बताया कि प्रथम सत्र में परिचर्चा का आयोजन किया गया है जिसका विषय 'आजादी की लड़ाई में राजनांदगांव जिले का योगदान' रखा गया है। द्वितीय सत्र में सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन होगा जिसमें उपस्थित सभी रचनाकार काव्य पाठ करेंगे। समिति के संयोजक ओम प्रकाश साहू अंकुर, अध्यक्ष ग्वाला प्रसाद यादव नटखट और सचिव हेमलाल सहारे ने सभी साहित्यकारों से नियत समय में उपस्थिति की अपील की है।

### बच्चे बने श्रीकृष्ण

डोंगरगांव (दावा)। नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगांव में कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर 24 अगस्त शनिवार को प्राइमरी विंग के बच्चो द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी। जिसमें छोटे-छोटे बच्चे श्रीकृष्ण और राधा रानी की वेशभूषा में स्कूल पहुंचे थे। बच्चों ने नृत्य सहित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उक्त आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य बी.एल. देवांगन सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## गोविन्दा उत्सव शांतिपूर्वक मनाने थाना में ली गई शांति समिति की बैठक



डोंगरगढ़(दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी गोविन्दा उत्सव मनाया जाना है। डोंगरगढ़ शहर को गोविन्दा उत्सव के नाम से क्षेत्र में जाना जाता है। यहां गोविन्दा उत्सव बडी धुमधाम से मनाया जाता है।जिसे देखने एवं दही हाण्डी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने काफी संख्या में आसपास क्षेत्र के लोग आते है। जिससे शहर में काफी भीड़ की स्थिति बनी रहती है। जिसको ध्यान में रखते हुये शहर में गोविन्दा उत्सव शांति पूर्वक मनाने हेतु दिनांक 24 अगस्त को थाना परिसर डोंगरगढ़ में एसडीएम मनोज मरकाम, एसडीओपी आशीष कुंजाम, तहसीलदार मुकेश ठाकुर एवं थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा द्वारा शांति समिति का बैठक आहुत किया गया। जिसमें डोंगरगढ़ शहर के गोविन्दा उत्सव समिति के सदस्यगण, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधियों एवं सर्वसमाज के पदाधिकारीगण उपस्थित हुये। 27 अगस्त को मनाए जाने वाले गोविंद उत्सव हेतु बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई एवं चर्चा दौरान मीटिंग में उपस्थित हुये सम्मानित नागरिकों से सुझाव प्राप्त कर, आवश्यक दिशा-निर्देश देकर शांति पूर्वक साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखते हुये बिना किसी लड़ाई-झगड़ा, बिना मारपीट, बिना हुड़दंग किये गोविन्दा उत्सव मनाने की अपील की गई है।

## देवनगर में रहेंगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम



**गोविंद उत्सव मनाने समिति का गठन, अरविंद नेताम अध्यक्ष मनोनीत**

डोंगरगढ़(दावा)। 27 अगस्त को मनाया जाने वाले गोविंद पर्व को ध्यान में रखते हुए, शहर के देवनगर वार्ड के रहने वाले देवार समाज युवा संगठन के द्वारा गोविंदा उत्सव समिति का पुर्नगठन किया गया है। देव नगर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता युवा अरविंद नेताम को अध्यक्ष बनाया गया है। अन्य पदाधिकारीयों में आकाश मरकाम उपाध्यक्ष, अजय मरकाम, सचिव नवीन मरकाम, कोषाध्यक्ष गणेश मरकाम, राकेश नेताम मीडिया प्रभारी, रज्जु नेताम महामंत्री, सदस्यगण कार्तिक मरकाम, रज्जु नेताम राजेश नेताम जोगी, कुलहरियाँ रंजित नेताम रवि मरकाम, सूरज मरकाम समीर मरकाम, छोटू मरकाम, संजू मरकाम, ब्रिजेश कुमार, हीरा नेताम, संकर मरकाम, किसन मरकाम, दीवाना नेताम, नोहर नेताम, राजा नेताम आकाश नेताम शामिल है। नव नियुक्त अध्यक्ष अरविंद नेताम ने बताया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी गोविंदा उत्सव को बड़े धूमधाम से मनाने की तैयारी चल रही है। उक्त आयोजन ने देवनगर के अलावा नगर के सामाजिक लोगो का भी सहयोग रहता है। इस वर्ष के दही हांडी का कार्यक्रम में 41111 रुपए का इनाम रखा गया है। दिनांक 26 अगस्त को भगवान श्री कृष्ण जी की आरती व विशेष अभिषेक व महाआरती का कार्यक्रम रखा गया है। उपरोक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में नगरवासियों को भक्त के श्रेणी में भागीदारी करने की अपील की गई है।

## महरूम शासकीय स्कूल में मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व



**पुलिस कर्मियों को बच्चों बांधी राखी**

डोंगरगांव (दावा)। अंचल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महरूम में 24 अगस्त शनिवार को रक्षाबंधन का महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती के तैल चित्र में मुख्य अतिथि डोंगरगांव नगर निरीक्षक उपेन्द्र शाह एवं स्टॉफ, सरपंच अशोक सेवता, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुनीता मांडवी ने पूजा वंदन व स्वागत संस्कार द्वारा किया गया। वहीं बच्चों द्वारा हाथ से बनाए हुए राखी को अतिथियों द्वारा देखा गया व बच्चों को उचित ईनाम दिया गया। साथ ही बच्चों ने टी.आई श्री शाह, आरक्षकों एवं छात्रों को राखी बांधकर इस पर्व का महत्व बताया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी द्वारा साइबर क्राइम, मौलिक अधिकार, तथा मोबाइल उपयोग और दुरपयोग के विषय में जानकारी दी, अंत में हलषष्ठी पर्व की शुभकामनाएं दिया गया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में प्राचार्य बी.बी. सिन्हा और स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही ।

## नशा मुक्त भारत अभियान पर जनजागरूकता हेतु संकल्प प्रतिज्ञा लिया गया



राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लुएंस कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान पर जन जागरूकता हेतु संकल्प प्रतिज्ञा लिया गया। प्रो. विजय मानिकपुरी कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस ने बताया कि देश में नशीली दवाओं की लत एक गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। खासकर युवा पीढ़ी में जिसके कारण न केवल नशीली दवाओं का सेवन करने वाले व्यक्ति पर बल्कि पूरे परिवार और समाज पर भी खतरनाक परिणाम सामने आ रहे हैं। नकली दवाओं के दुरुपयोग के कारण अपराध में वृद्धि हो रही है और समाज पर इसका हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है द्य भारत को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य की पूर्ति हम सब तभी कर सकते हैं जब हम अपने आप को ,आसपास को और परिवार तथा परिचितों को नशा से दूर रखें। आज का अभियान समाज में होने वाले दुष्परिणामों से परिचय के लिए है।

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान की शुरुआत 15 अगस्त 2020 को जन जागरूकता अभियान से हुई है इस कार्यक्रम का उद्देश्य नशे को ना कहें, जीवन को हां कहे। नशीली दवाओं के दुरुपयोग, सामाजिक पहलुओं, नशीली दवाओं के खतरे को रोकने के लिए जन जागरूकता के साथ-साथ कई मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें जीवन कौशल और नशीली दवाओं पर जागरूकता से संबंधित ज्ञान बढ़ाने पर बात किया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल और डॉ. मनीष जैन ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य जन जागरूकता, परामर्श उपचार और देखभाल के माध्यम से छात्रों के बीच मादक पदार्थों के सेवन की लत से निपटना है। नशा मुक्त जागरूकता अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना के सैकड़ों स्वयंसेवकों और महाविद्यालय के प्राध्यापकों की उपस्थिति रही।

## बीपीएस में राधा-कृष्ण ने फोड़े दही मटकी



डोंगरगाँव (दावा)। मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति द्वारा संचालित भारतीय पब्लिक हा.से.स्कूल में शनिवार का दिन कृष्ण और राधा मय रहा। प्रेम और सौहार्द्र का प्रतीक कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शाला में धूमधाम के साथ मनाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राचार्य सुनील कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में कक्षा नर्सरी से पांचवीं के छात्र/छात्राओं ने कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सुबह से ही सभी बच्चे राधा-कृष्ण की वेशभूषा में शाला पहुँचे। इन्हें देखकर पूरा शाला परिवार ही नही वरन आसपास के नागरिक भी मंत्रमुग्ध हो गए। ऐसा लगने लगा मानो स्वयं राधा-कृष्ण प्रेम की बरसात करने इस स्कूल में पधारे हों। राधा-कृष्ण वेशभूषा प्रतियोगिता में श्रीकृष्ण के वेशभूषा में प्रथम स्थान पर जीवांश यदु, द्वितीय स्थान पर रवि एवं तृतीय स्थान पर डोमेश पटेल रहे। इसी प्रकार राधारानी की वेशभूषा प्रतियोगिता में पहले स्थान पर अंशिका, दूसरे स्थान पर तनिषा और तीसरे स्थान पर क्रमशः प्रियांशी और युकांक्षी रही। वहीं शाला में दही लूट का आयोजन हुआ जिसमें सभी छात्र-छात्रों ने उमंग और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शैलजा पाण्डेय अध्यक्ष मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति सहित संतोष सागर शर्मा, गौरी बाई झाड़े, संस्था के संरक्षक संतोष कुमार वैष्णव, उमाराजे राजपूत, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, पवन ठाकुर, बीरेन्द्र बोरकर कार्यालय प्रभारी राजेन्द्र कुंवर, पाली प्रभारी बिरेन्द्र राजपूत, प्रधान पाठक पी.एल.बया, प्रधानपाठिका दामिनी यदु, देवेन्द्र साहू, लूनकरण यादव, कोमल सेन, गुरूविंदर, कांता सेन, गौरव देवांगन साहू, सरिता गोलछा, वीणा साहू, संजू उईके, रेणुका साहू, अनुराधा सोनटेके, जमुना साहू, रश्मि देवांगन, लक्ष्मी राजपूत, उषा साहू, दुबीलता ठाकुर, नरोत्तम साहू एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

## शराब पिलाने की सुविधा प्रदान करने वाले ढाबा संचालक पर की गई कार्रवाई

डोंगरगढ़ (दावा)। मुखबीर से प्राप्त सूचना पर अपना ढाबा बोरतलाव के संचालक के खिलाफ अवैध रूप से शराब पीने/पिलाने की सुविधा उपलब्ध करने के आरोप में बोरतलाव पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई। पुलिस कार्रवाई के दौरान मौके पर शराब पीने वाले पुलिस को देखकर भाग गये। ढाबा के संचालक भुनेश्वर मरकाम पिता स्व. छेरकू मरकाम उम्र 29 साल निवासी वार्ड नंबर 04 बोरतलाव, पीने/पिलाने का सुविधा उपलब्ध करा रहा था, जिसे घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया।

आरोपी के कब्जे से 01 पौवा देशी शराब में 20 एमएल बची हुई, 01 नग डिस्पोजल गिलास कीमती करीबन 30 रूपये समक्ष गवाहन जप्त किया गया। आरोपी को धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस दिया, नोटिस में किसी प्रकार का शराब पीने/पिलाने का वैध कागजात नही होना लेख किया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 36 (स) आबकारी एक्ट का पाये जाने से देहात भ्रमण पश्चात थाना तलब कर अपराध क्रमांक 33/24 धारा 36 (स) आबकारी एक्ट कायम किया गया। आबकारी एक्ट का कृत्य पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मामला जमानतीय होने व सक्षम जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया।

## ठेलकाडीह महाविद्यालय में रा.से.यो. उन्मुखीकरण कार्यक्रम



ठेलकाडीह (दावा)। शासकीय नवीन महाविद्यालय, ठेलकाडीह के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा स्वयंसेवकों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. एस.आर.कन्नौजे कार्यक्रम अधिकारी शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, राजनांदगांव ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। डॉ. कन्नौजे ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्होने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य, उद्देश्य, सिंद्धात वाक्य एवं ए.बी.सी. सर्टिफिकेट के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना की दैनिक गतिविधियां एवं सात दिवसीय विशेष शिविर के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, ए.के. श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक, डॉ. एल.सी. सिन्हा, सी.एस. राठौर, व्ही.के. मसियारे, सुश्री रेणुका कुंजाम, बी. बर्मन, अतिथि व्याख्याता हेमंत कुमार जांगड़े, सुश्री प्राची अम्बादे एवं स्वयंसेवकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी डी.के. साहू द्वारा किया गया।

## बच्चों ने नुक्कड़ नाटक से ग्रामीणों को किया जागरूक



डोंगरगांव (दावा)। स्वच्छता दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला चिचदो में 24 अगस्त शनिवार को स्वच्छता को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान स्वच्छता दीदी, सचिव, रोजगार सहायक, शिक्षक तथा बच्चों द्वारा रैली निकालकर गांव-गली, होटल, दुकान की साफ-सफाई रखने का संदेश दिया। वहीं ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए चौक-चौराहे पर बच्चों ने नुक्कड़ नाटक कर बताया कि गिला कचरा-सूखा कचरा अलग रखने तथा व्यवस्थापन के संबंध में बताया। बच्चों को कचरा संग्रहण केंद्र ले जाकर कचरे से खाद व रिसाइक्लिंग के बारे बताया गया। इस दौरान स्वच्छता दीदी को शिक्षिका कोनिका सोनी के द्वारा पुरस्कृत किया गया। वहीं ग्रामीणजनों को पोस्टर के माध्यम से कचरे के क्या दुष्परिणाम होते हैं, मच्छर कैसे पनपते हैं, मच्छर के जीवन चक्र को बताया गया और घर, सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों, स्कूल, पंचायत को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया गया।

## पहला कॉलम...

### इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड इंजरी के कारण हुए बाहर

नई दिल्ली। इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज के पहले मुकाबले में इंग्लैंड की टीम को तगड़ा लगा है। इंग्लैंड का स्टार तेज गेंदबाज इंजरी के कारण बीच मैच से बाहर हो गया है। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड मैनचेस्टर के एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में इंग्लैंड बनाम श्रीलंका के पहले टेस्ट के चौथे दिन मैदान पर नहीं उतरे। टेस्ट के अंतिम दिन से पहले इंग्लैंड के लिए यह बड़ी नुकसान हो सकता है। दरअसल श्रीलंका ने इस मुकाबले में 6 विकेट खोकर लीड हासिल कर ली है। वहीं इंग्लैंड की टीम को विकेट की तलाश है। इस मुकाबले में वुड की अनुपस्थिति श्रीलंका को बढ़ावा दे सकती है, जिन्होंने चौथे दिन 204/6 से 82 रनों की बढ़त के साथ शुरुआत की थी। तीसरे दिन अंतिम कुछ ओवरों के दौरान वुड रन-अप को बीच में छोड़कर लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए और ड्रेसिंग रूम में वापस चले गए। ईसीबी ने तेज गेंदबाज पर एक बड़ा अपडेट दिया है, जिसमें पुष्टि की गई है कि वुड को दाहिनी जांघ की मांसपेशियों में चोट लग गई है और वह खेल के अंतिम दिन मैदान पर नहीं लौटेंगे। ईसीबी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि जल्दी ठीक हो जाओ, वुडी। मार्क वुड को दाहिनी जांघ की मांसपेशियों में चोट लगी है। वह आज मैदान पर नहीं लौटेंगे और इंग्लैंड की मेडिकल टीम द्वारा उनका रिहैब जारी रहेगा।

### टी20 सीरीज से बाहर हुए जोश हेजलवुड

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट को अगले महीने की शुरुआत में स्कॉटलैंड का दौरा करना है जहां पर वह 4 सितंबर से मेजबान टीम के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेंगे। अब इस दौरे पर रवाना होने से पहले उन्हें एक बड़ा झटका तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के रूप में लगा है जो काल्फ में खिंचाव की समस्या होने की वजह से बाहर हो गए हैं। हेजलवुड को ये इंजरी पिछले हफ्ते ट्रेनिंग के दौरान हुई थी। हेजलवुड के बाहर होने के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की तरफ से उनकी जगह पर रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के नाम का भी ऐलान कर दिया गया है। जोश हेजलवुड के बाहर होने के बाद उनकी जगह पर स्कॉटलैंड के खिलाफ तीन मैचों की होने वाली टी20 सीरीज के लिए रिले मेरेडिथ को टीम में शामिल किया गया है। साल 2021 में अपना आखिरी टी20 मैच खेलने वाले मेरेडिथ को अब तक ऑस्ट्रेलियाई टीम की तरफ से सिर्फ 5 टी20 मैचों में खेलने का मौका मिला है। स्कॉटलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खत्म होने के बाद ऑस्ट्रेलिया को इंग्लैंड के खिलाफ भी टी20 और वनडे दोनों सीरीज खेलनी है, जिसको लेकर उम्मीद जताई गई है कि हेजलवुड इस सीरीज में खेलते हुए नजर आएंगे।

### श्रीलंकाई नौसेना ने फिर 11 भारतीय मछुआरों को पकड़ा

कोलंबो । श्रीलंका की नौसेना ने भारत के 11 मछुआरों को फिर गिरफ्तार कर लिया। नौसेना की आधिकारिक रिलीज के मुताबिक, इन लोगों को मछली पकड़ने के लिए समुद्री सीमा पार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इसी के साथ इस साल श्रीलंका अब तक 333 भारतीयों को समुद्री सीमा पार कर मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार कर चुका है। बताया गया है कि इन मछुआरों के ट्रॉलर को श्रीलंका के उत्तरी प्रांत में जाफना के करीब पॉइंट ऑफ पेड्रो के करीब मछली पकड़ने के दौरान गिरफ्तार किया गया। जिन लोगों को पकड़ा गया, उन्हें आगे की कार्रवाई के लिए कांकेसंथुराई फिशिंग हार्बर लाया गया। आधिकारिक रिलीज के मुताबिक, इस साल श्रीलंका 333 भारतीयों को गिरफ्तार कर चुका है। वहीं, 45 से ज्यादा ट्रॉलर्स की जब्ती भी की गई है। इस बीच तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक बार फिर भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर को चिट्ठी लिखकर 11 मछुआरों की गिरफ्तारी के मामले में दखल देने की मांग की है। स्टालिन ने इसमें कहा, च्मैं तमिलनाडु के मछुआरों को पकड़े जाने की एक और घटना पर गंभीर चिंता के साथ आपको पत्र लिख रहा हूं।

### चीन में भारी बारिश से भूस्खलन 11 की मौत, 14 लापता

बीजिंग। चीन के लियाओनिंग प्रांत में हुई मूसलाधार बारिश से भारी तबाही हुई है। इस तबाही ने 11 लोगों की जान ले ली है और 14 अन्य अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। भारी बारिश की वजह से आधारभूत ढांचे को भी भारी नुकसान हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लियाओनिंग प्रांत के हुलुदाओ इलाके में भारी बारिश के चलते सड़कें, पुल, कम्युनिकेशन नेटवर्क और फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। एक अनुमान के मुताबिक करीब 1.44 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है।

# निकोलस पूरन के तूफानी अंदान ने वेस्टइंडीज को 7 विकेट से मिली जीत



नई दिल्ली। वेस्टइंडीज ने निकोलस पूरन और शाई होप की पारियों की मदद से शुक्रवार रात खेले गए पहले टी20 मैच में साउथ अफ्रीका को सात विकेट से हरा दिया। पूरन ने इस मैच में अपना रौद्र रूप दिखाया तो होप ने अपनी बैटिंग से साउथ अफ्रीका की उम्मीदों को चकनाचूर कर दिया। साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट खोकर 174 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने तीन विकेट खोकर ये लक्ष्य हासिल कर लिया।

इस जीत के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है। पूरन और होप दोनों ने ही अर्धशतकीय पारियां खेलीं। साउथ अफ्रीका के लिए ट्रिस्टन स्टब्स ने भी अर्धशतक जमाया और वह इस मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी रहे। ये ब्रायन लारा स्टेडियम में चेज करते हुए हासिल कई गई सबसे बड़ी जीत है।

**पूरन का तूफानी अंदाज**

175 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम को एलिक एथानाजे और होप ने शानदार शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी की। एथानाजे के रूप में विंडीज ने अपना पहला विकेट खोया। उन्होंने 30 गेंदों पर दो चौके और तीन छक्कों की मदद से 40 रन बनाए। फिर पूरन ने कदम रखा और साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों पर कहर बनकर टूटे।

उन्होंने होप के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 54 रनों की साझेदारी की। होप अर्धशतक पूरा करने के बाद आउट हो गए। उन्होंने 36 गेंदों पर 51 रन बनाए जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल रहे। होप के जाने के बाद पूरन और ज्यादा आक्रामक हो गए। उन्होंने नाबाद रहते हुए भारत को जीत दिलाई। पूरन ने 26 गेंदों पर दो चौके और सात छक्कों की मदद से 65 रनों की विजयी पारी खेली। कप्तान रोवमैन पावेल सात रन बनाकर आउट हो गए थे, लेकिन पूरन ने टीम की जीत सुनिश्चित की।

**स्टब्स की पारी गई बेकार**

इससे पहले, वेस्टइंडीज ने मैच में टॉस जीतते हुए पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। साउथ अफ्रीका की शुरुआत काफी खराब रही। रयान रिकलटन और रीजा हैंड्रिक्स दोनों चार-चार रन बनाकर आउट हो गए। कप्तान एडेन मार्करम भी 14 रनों से आगे अपनी पारी नहीं ले जा पाए। तीसरा विकेट गिरने के बाद क्रीज पर आए स्ट्ब्स तेजी से रन बनाने में जुट गए लेकिन दूसरे छोर से उन्हें साथ नहीं मिला।

रासी वान डर डुसैं पांच और डोनोवान फरेरा आठ रन बनाकर आउट हो गए। स्ट्ब्स को आखिरी में साथ मिला पैट्रिक क्रूगर का। दोनों ने छठे विकेट के लिए 71 रनों की साझेदारी की। 17वें ओवर की पहली गेंद पर क्रूगर आउट हो गए। उन्होंने 32 गेंदों पर चार चौके और दो छक्कों की मदद से 44 रन बनाए। स्टब्स भी आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर रोमारियो शेफर्ड को अपना विकेट दे बैठे।

## रूस की जेल में आईएसआईएस का हमला, 8 कैदियों की मौत

नई दिल्ली। रूस-यूक्रेन युद्ध का शोर बॉर्डर पर ही नहीं बल्कि दोनों देशों के भीतर भी देखने को मिल रहा है। रूस की एक जेल से बुरी खबर सामने आई है। जेल में बंद कैदियों के बीच हिंसा शुरू हो गई। इस हिंसा में 8 कैदियों की जान चली गई। हमलावार कैदि आईएसआईएस के बताए जा रहे हैं। उनका कहना है कि मुसलमानों के उत्पीड़न का बदला लेने के लिए उन्होंने यह कदम उठाया है।

रूस के वोल्गोग्राद में स्थित एक जेल के कुछ कैदी आपस में भिड़ गए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जेल में एक डिसिप्लिन मीटिंग चल रही थी। उसी दौरान आईएसआईएसके 4 सदस्यों ने छूरी-चाकू के साथ कुछ कैदियों पर हमला बोल दिया।

## शिखर धवन ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट को कहा अलविदा



नई दिल्ली। शिखर धवन ने क्रिकेट के तीनों प्रारूपों से संन्यास का एलान कर दिया है. उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए यह जानकारी साझा की है. उन्होंने क्रिकेट के इस सफर में साथ देने के लिए फैंस का भी धन्यवाद किया. 'गब्बर' के नाम से मशहूर धवन ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में भारत के लिए 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी20 मैच खेले. अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में उन्होंने 10,000 से अधिक रन बनाए.

शिखर धवन ने अपने ङ्ग और इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें उन्होंने अपनी रिटायरमेंट का एलान करते हुए कहा, मेरे जीवन में एक ही मंजिल थी, भारत के लिए खेलना. मैं इस मुकाम को हासिल करने में सफल भी हुआ, जिसके लिए मैं कई लोगों का शुक्रगुजार हूं.÷ धवन ने सबसे पहले अपने परिवार, फिर बचपन के कोच तारक सिन्हा का भी धन्यवाद किया जिनका अब देहांत हो चुका है. उन्होंने मदन शर्मा का भी आभार जताया, जिनसे उन्हें क्रिकेट के गुर सीखने को मिले. टीम इंडिया के 'गब्बर' ने अपने साथी खिलाड़ियों का भी धन्यवाद किया.

शिखर धवन ने कहा, वो कहते हैं न, कहानी में आगे बढ़ने के लिए पन्ने पलटना जरूरी होता है, बस मैं भी अब ऐसा ही करने जा रहा हूं. मैंने अंतर्राष्ट्रीय और डोमेस्टिक क्रिकेट से भी संन्यास लेना का फैसला कर लिया है. मेरे दिल में सुकून है कि मुझे अपने देश के लिए खूब सारे मैच खेलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ. मैं क्चष्टष्टढ्ढ और फैंस का भी धन्यवाद करता हूं. धवन ने आगे यह भी कहा कि उन्हें इस बात का जरा भी दुख नहीं हो रहा है कि वो अब अपने देश के लिए नहीं खेल पाएंगे. बल्कि उन्हें खुशी और गर्व महसूस होता है कि उन्हें इतने लंबे समय तक भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला.

**भारत के लिए आखिरी मैच**

शिखर धवन ने आखिरी बार साल 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ एक वनडे मैच खेलते हुए भारत का प्रतिनिधित्व किया था.

## जोरदार धमाके से थर्राया पाकिस्तान का बलूचिस्तान प्रांत, 2 बच्चों समेत 3 की मौत



कराचीः पाकिस्तान का बलूचिस्तान प्रांत एक बार फिर जोरदार धमाकों से थर्रा उठा है। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के एक बाजार में शनिवार को यह घातक विस्फोट हुआ। इसमें दो बच्चों और एक महिला समेत 3 लोगों की मौत हो। वहीं घटना में दो पुलिसकर्मियों समेत 13 लोग घायल हो गए। समाचार पत्र च्द डॉनज् ने पिशिन सिविल अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक द्वारा जारी हताहतों की सूची के हवाले से अपनी खबर में बताया कि यह विस्फोट पिशिन जिले के सुर्खाब चौक के निकट मुख्य बाजार में हुआ, जिसमें दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई तथा 14 अन्य घायल हो गए।

अस्पताल की ओर से जारी सूची के अनुसार, घायलों में से 13 को क्वेटा ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जहां एक महिला की मौत हो गई। घायलों में से पांच की हालत गंभीर है। प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) द्वारा 2022 में सरकार के साथ संघर्षविराम समझौता तोड़े जाने के बाद हमले बढ़ गए हैं। पिशिन शहर के थाना प्रभारी मुजीबुर रहमान के अनुसार, दोनों घायल पुलिसकर्मियों की हालत गंभीर है। थाना प्रभारी रहमान ने कहा, च्ऐसा प्रतीत होता है कि विस्फोटक सामग्री एक मोटरसाइकिल पर रखी गई थी।ज्ज् उन्होंने कहा कि इस घटना में तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारी ने बताया कि आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) और बम निरोधक दस्ता जांच के लिए साक्ष्य एकत्र करने के वास्ते घटनास्थल पर पहुंच गया है। सरकारी प्रसारक च्पीटीवी न्यूजज् की खबर के अनुसार, विस्फोट पिशिन के उपायुक्त कार्यालय के निकट हुआ। घटना की जांच की जा रही है।

## पूर्व क्रिकेटर प्रभाकर और बेटे पर हल्द्वानी में धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज



हल्द्वानी। लखनऊ निवासी कारोबारी ने भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर मनोज प्रभाकर और उनके बेटे के खिलाफ हल्द्वानी कोतवाली में धोखाधड़ी के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई है। कारोबारी का कहना है कि वह उत्तर प्रदेश में पूर्व क्रिकेटर की कंपनी के हर्बल उत्पादों की मांग के हिसाब से आपूर्ति करता था।

बिक्री पर उसे कमीशन मिलता था, लेकिन कंपनी के अचानक बंद होने की वजह से उसकी 11 लाख से अधिक की रकम फंस गई। अब कई बार कोशिश के बावजूद प्रभाकर और उसके बेटे से संपर्क नहीं हो पा रहा। लखनऊ के पुरानी सब्जी मंडी चौक निवासी नीरज कुमार शुक्ल की एनएस सेल्स नाम से फर्म है। नीरज के अनुसार, जुलाई 2017 में हल्द्वानी स्थित नेचुरेंस रिसर्च लैब प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी के साथ अनुबंध किया।कंपनी नेचुरेंस हर्बल के नाम से भी काम करती थी। इसके प्रबंध निदेशक पूर्व क्रिकेटर मनोज प्रभाकर थे। अनुबंध के तहत उसे उत्तर प्रदेश में झांसी से लेकर गोरखपुर क्षेत्र तक का सुपर डिस्ट्रीब्यूटर नामित किया गया। मुख्य स्टाकिस्ट के रूप में कंपनी के निर्देशानुसार उसे केवल बताई जगहों पर माल भिजवाना था। मार्केटिंह, डिमांड लाना और पेमेंट निकलवाने का काम कंपनी के प्रतिनिधियों का था।

## चांद से हीलियम निकालेगा चीन, 1.5 लाख करोड़ में तैयार होगा स्पेस लॉन्चर, बिजली का इस्तेमाल कर आएगा धरती तक



बीजिंग। चीन के वैज्ञानिक चंद्रमा से पृथ्वी पर हीलियम पहुंचाने के लिए वैज्ञानिक मैग्नेटिक स्पेस लॉन्चर बनाने की तैयारी में हैं। इसको चांद की सतह पर इस तरह से डिजाइन किया जाएगा, जिससे यह हीलियम-3 और अन्य मूल्यवान रिसॉर्स को धरती तक भेज सके। लॉन्चर का वजन 80 मीट्रिक टन और कीमत लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपए होगी। इसका इस्तेमाल चंद्रमा की सतह पर मौजूद आइसोटोप हीलियम- 3 को निकालने के लिए किया जाएगा। लॉन्चर कब से तैयार होगा इसकी तारीख अभी तक सामने नहीं आई है। बता दें कि इसे चंद्रमा की सतह पर कम से कम 20 साल तक चलने के लिए डिजाइन किया जाएगा। माना जा रहा है कि यह योजना रूस और चीन के संयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम से जुड़ी हो सकती है। इस कार्यक्रम में दोनों देशों ने 2035 तक चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर शोध स्टेशन बनाने का प्रस्ताव भी रखा था। बताया जा रहा है, लॉन्चर काम करने के लिए केवल बिजली का इस्तेमाल करेगा, और ये बिजली इसे परमाणु और सौर स्त्रोतों से प्राप्त होगी। अंतरिक्ष सामग्री पृथ्वी की ओर फेंकने के लिए लॉन्चर चंद्रमा के उच्च वैक्यूम और कम गुरुत्वाकर्षण का इस्तेमाल करेगा। आज कल लगभग 10प्रतिशत में ही ये रोज 2 बार पेलोड लॉन्च करेगा। मैग्नेटिक लॉन्चर का काम एक तरह से हैमर थ्रो की तरह होगा, जैसे कि हैमर को थ्रो करने से पहले एथलीट तेजी से घूमता है, उसी तरह मैग्नेटिक लॉन्चर काम करेगा। लॉन्चर के नजरिए से देखें तो इसकी रोटेटिंग आर्म तब तक तेज स्पीड से घूमेगी जब तक वह चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण से बाहर निकलने के लिए ये एक जरूरी स्पीड तक न पहुंच जाएं।

***अंतिम चरण में नक्सलवाद से लड़ाई......***

क्रमशः 73 प्रतिशत और 69 प्रतिशत की कमी आई उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों की मृत्यु में 73त्न और नागरिकों की मृत्यु में 69त्न की कमी आई है। साल 2004 से 2014 तक 16 हजार 463 घटनाएं हुईं। साल 2014 से 2024 तक 7 हजार 744 घटनाएं हुईं। इनमें 53 प्रतिशत घटनाओं में कमी आई है। इसमें नागरिकों और सुरक्षा बलो की मृत्यु में पहले 10 साल में 6 हजार 617 सुरक्षाकर्मियों और नागरिक की मृत्यु हुई थी अब इसमें 70 फीसदी कमी आई है। दो महीने के अंदर छत्तीसगढ़ सरकार लॉन्च करेंगी नक्सल पॉलिसी- केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा कि पिछले 4 वर्ष में वामपंथी उग्रवाद के कारण करीब-करीब 17 हजार लोगों की जान गई है 70 हजार लोग चाहे वो नक्सल आंदोलन से जुड़े हो या सीएफजीएफ के जवान हो चाहे नागरिक हो 17 हजार लोगों की जान इस समस्या के कारण गई है। जब से केंद्र में बीजेपी की सरकार बनी, इस समस्या को चैलेंज के रूप में स्वीकार किया। जिनके हाथ में हथियार हैं, उन्हें हथियार छुड़ाने का प्रयास करना और नहीं छोड़ते हैं तो उन्हें इंगेज देना है। इस क्षेत्र में जो विकास का अभाव दिखाई देता था। व्यक्तिगत, क्षेत्र और गांव का विकास इन तीन चक्र में पूरे देश को विकास की दिशा में के अनुरूप एक क्रम में लाना है। इसके साथ ही एक नए लुक के साथ नक्सल पॉलिसी को छत्तीसगढ़ सरकार एक-दो महीने में लॉन्च करेगी।

शाह की नक्सलियों से हथियार छोड़ने की अपील- उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जो वामपंथी उग्रवाद में लिप्त या जुड़े हो, सभी युवाओं से अपील है कि भारत सरकार इस क्षेत्र के विकास, आपके विकास, आपके परिवार के विकास के लिए कटीबद्ध है। नक्सल की नई पॉलिसी को अच्छा प्रतिसाद दीजिए। हथियार छोड़िए और पीएम मोदी के नेतृत्व में जो विकास का रथ चल रहा है। एक नए युग का जो आगाज हो रहा है, उसे मजबूती दें। हम उम्मीद करते हैं कि हमने जो रास्ता अख्तियार किया है, उसके मुताबिक पूरे छत्तीसगढ़ और पूरे देश को नक्सलवाद की समस्या से मुक्त कर देंगे।

जो नक्सल का साथ नहीं छोड़ेंगे तो होगी कार्रवाई- शाह ने कहा कि हम सिर्फ कार्रवाई में विश्वास नहीं करते, छत्तीसगढ़ सरकार ने ढेर सारे सांस्कृतिक रूप से कार्यक्रम बनाएं जो नक्सली समस्या से इस सेंटर कितना नुकसान हुआ है और भारत सरकार छत्तीसगढ़ के विकास के कामों को पहुंचा सकती है जो नए युग के साथ नहीं जुड़ते हैं उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। जॉइंट टास्क फोर्स बनाई गई है। सूचना के आदान-प्रदान का खाता भी मजबूत हुआ है। भारत सरकार की एजेंसी सभी राज्यों से मिलकर कोआर्डिनेशन के रूप में काम कर रही है। जॉइन ऑपरेशन के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं, जो लोग सरेंडर होना चाहते हैं, हम उन्हें मौका देना चाहते हैं। सबसे बड़ा आंकड़ा सरेंडर

## प्रथम पेज का शेष

होने का है। उसके बाद गिरफ्तारी फिर मृत्यु का है। ये आंकड़े ही बताते हैं कि सरकार की प्राथमिकात क्या है। मार्च 2026 तक नक्सलियों के खात्मे के एक सवाल पर कहा कि पिछले पांच साल तक नक्सलवाद को खत्म करने के लिए बेहतर काम हुआ है। कांग्रेस की सरकार में नक्सल मूवमेंट को दबा दिया था। अब सारे अभियानों में तेजी आई है। नक्सली काउंटर भी ज्यादा ज्यादा हो रहे हैं और सजा भी ज्यादा हो रही है। छत्तीसगढ़ सरकार हर मोर्चे पर बेहतर काम कर रही है। न केवल नक्सल ऑपरेशन बल्कि विकास कार्यों में भी तेजी आई है।

***राहुल का सरकार पर अटैक- बोले मोदी...***

उन्होंने कहा कि मीडिया और न्यायपालिका में ओबीसी, दलित, और मजदूरों की भागीदारी शून्य है, और यह स्थिति बदलनी चाहिए। राहुल गांधी ने स्पष्ट किया कि उनका लक्ष्य संविधान को बचाना है और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को इसे समझने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना और सामाजिक सर्वेक्षण को कोई नहीं रोक सकता और यह जल्द ही होकर रहेगा। पीएम मोदी को जितनी जल्दी हो, इसे समझ लेना चाहिए।

***मोदी सरकार ने एक नई पेंशन स्कीम को...***

इसके बाद यूपीएस को लागू किया गया। इससे केंद्र पर वर्ष 2025-26 के दौरान ही 6250 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। चुनावी माहौल में इसे सरकार की ओर से बड़ा राजनीतिक मोहरा भी माना जा रहा है। यूक्रेन से यात्रा के बाद शनिवार दोपहर नई दिल्ली पहुंचे पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक देर शाम को हुई जिसमें यूनीफाइड पेंशन स्कीम के बारे में फैसला किया गया।

***भारत ने लॉन्च किया अपना...***

कंपनी का उद्देश्य स्पेस इंडस्ट्री में कम लागत और लंबे समय के लिए एक समाधान तैयार करना है। 'आरएचयूएमआई-1' रॉकेट में लिक्विड और सॉलिड फ्यूल प्रणालियों का इस्तेमाल किया गया है। इस वजह से इसकी कार्यक्षमता बढ़ती है और ऑपरेटिंग कॉस्ट कम होती है। इस मिशन में पूर्व इसरो सैटेलाइट सेंटर के निदेशक डॉ. माइलस्वामी अन्नादुरई का मार्गदर्शन भी मिला है।

0 अंतरिक्ष उद्योग में नई क्रांति आने की उम्मीद- इस मिशन से भारत के स्पेस इंडस्ट्री (अंतरिक्ष उद्योग) में एक नई क्रांति आने की उम्मीद की जा रही है, जिससे न केवल अनुसंधान बल्कि कॉमर्शियल एक्टिविट(वाणिज्यिक गतिविधियों) के लिए भी नए रास्ते खुलेंगे। 'आरएचयूएमआई-1' के प्रक्षेपण से सैटेलाइट लॉन्चिंग की प्रक्रिया में एक नई दिशा मिल सकती है। यह रॉकेट न केवल दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है बल्कि इसकी लागत भी दूसरे रॉकेटों की तुलना में कम है। इससे भारत के अंतरिक्ष उद्योग को अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में मदद मिलेगी। इसके अलावा इस तकनीक का उपयोग भविष्य में अंतरिक्ष में खोज-बीन के लिए भी किया जा सकता है।

0 अंतरिक्ष में खोज करने में मिलेगी मदद- 'आरएचयूएमआई-1' का सफल प्रक्षेपण भारत के अंतरिक्ष उद्योग के लिए एक मील का पत्थर साबित हो सकता है। इसरो और अन्य भारतीय संस्थानों के साथ मिलकर, स्पेस जोन इंडिया ने दिखा दिया है कि भारत भी अंतरिक्ष अन्वेषण में अहम भूमिका निभा सकता है। भारत भी अब बड़े पैमाने पर छोटे सैटेलाइट्स को कम लागत पर अंतरिक्ष में भेजने में सक्षम बन सकता है।

***सरकार की युवा विरोधी नीति......***

इस साल 1.24 लाख आईटी सेक्टर में नौकरियां घटीं, जिसमें भारत के युवाओं को खासा नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, बैंकिंग, फाइनेंस,इंश्योरेंस, हॉस्पिटलिटी -सभी सेक्टरों में नौकरियां कम हुई हैं। ऊपर से मोदी सरकार चीन को 'लाल आँख' नहीं, चीनी कंपनियों के निवेश के लिए 'लाल कारपेट' बिछाने जा रही है। मोदी जी ने ग़लत कार्यप्रणाली का इस्तेमाल करवा कर एक रिपोर्ट बनवाई और करोड़ों रोज़गार देने के झूठे दावे किये। केएलईएमएस के डेटा से फ़ज़ी विचार गढ़ने के लिए मोदी सरकार ने गणना का सहारा न लेकर, अलग-अलग वर्ष के लिए अलग-अलग आबादी के डेटा सेट का सहारा लिया, जिससे कामगार गणना अनुपात ग़लत आया। ऊपर से ग्रामीण और शहरी आबादी की वृद्धि एक ही मान ली गई, जिससे अधिक अनुमान हुआ है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने जो आंकड़ा नौकरियों को लेकर दिया है उसमें गड़बड़ी हुई है। श्री खड़गे ने कहा, अब जगजाहिर है कि इसमें 'अनपेड श्रमिक' और 'हर सप्ताह एक घण्टा कार्य' को भी रोज़गार की श्रेणी में गिना गया है। भारत के हताश-निराश बेरोज़गार युवा मोदी सरकार के ये झूठे हथकंडे अब समझ गए हैं। आने वाले राज्यों के चुनाव में भाजपा को इसका सबक ज़रूर मिलेगा।

***केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ....***

उसे लेकर सीएम साय की प्रशंसा की है. यहाँ उल्लेखनीय है कि पिछले आठ माह में साय सरकार ने नक्सल इलाकों में 33 सुरक्षा कैम्प स्थापित किए हैं. जल्द ही 16 और कैम्प स्थापित किए जाएंगे. इन सुरक्षा कैम्प से पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच दूरी कम हुई है. इससे जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन भी बेहतर हुआ है. राज्य में नियद नेल्लानार योजना को माओवाद प्रभावित क्षेत्र में विकास के लिए मील का पत्थर माना जा रहा है. इस योजना के तहत 17 विभागों की 53 जनकल्याणकारी तथा 28 सामुदायिक योजनाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है.

***पीडीपी के एजेंडे का समर्थन करने...***

पार्टी भारत और पाकिस्तान के बीच कूटनीतिक पहल, नियंत्रण रेखा के पार व्यापार और क्षेत्रीय सहयोग की वकालत करेगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस की तरह पीडीपी ने भी सत्ता में आने पर जम्मू-कश्मीर के लोगों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को 12 मुफ्त गैस सिलेंडर, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में चीनी और केरोसिन वापस लाने की घोषणा की है। पार्टी के घोषणापत्र में कहा गया है कि वह संपत्ति खरीदने वाली महिलाओं के लिए शून्य स्टांप शुल्क की अपनी नीति को फिर से लागू करने के साथ ही संपत्ति कर को समाप्त करेगी।

घोषणापत्र में सभी परिवारों के लिए आवास और रियायती दरों पर लकड़ी उपलब्ध कराने तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत मिलने वाली राशि को 1000 रुपये से बढ़ाकर 2000 रुपये करने का वादा भी किया है। पार्टी ने जम्मू-कश्मीर बैंक के ऋण ग्राहकों के लिए एकमुश्त निपटान योजना की समीक्षा करने की भी बात कही है। युवा रोजगार पर ध्यान केंद्रित करते हुए, पार्टी ने सत्ता में आने पर एक साल के भीतर 6000 दिहाड़ी मजदूरों की सेवाओं को नियमित करने और नई पेंशन योजना (एनपीएस) को पुरानी पेंशन योजना से बदलने तथा विभिन्न विभागों में संविदा कर्मचारियों को नियमित करने का भी वादा किया है। पीडीपी के घोषणापत्र में जम्मू-कश्मीर पुलिस के कर्मियों के लिए अशांत क्षेत्र भत्ता, पनबिजली परियोजनाओं को स्थानांतरित करने का प्रयास, गुरेज और तंगधार के सीमावर्ती क्षेत्रों में चौबीसों घंटे बिजली सुनिश्चित करने के लिए राजदान और साधन सुरंग के लिए काम करने तथा जम्मू में चेनाब घाटी और पीर पंजाल तक रेलवे लाइन का विस्तार करने का वादा किया गया है। पार्टी ने कहा कि वह कश्मीरी पंडितों की घाटी में वापसी के लिए भी काम करेगी और मौजूदा 1बीएचके योजना को अपग्रेड करके हर लौटने वाले परिवार के लिए न्यूनतम 2बीएचके अपार्टमेंट आवंटित करेगी। पार्टी ने आदिवासी समुदायों को मजबूत करने, शहरी बुनियादी ढांचे के निर्माण और जम्मू-कश्मीर के पारंपरिक शिल्प को पुनर्जीवित करने का भी वादा किया है।

*पूर्व सीएम की सुरक्षा में बड़ी चूक,...*

मेरी गाड़ी को दिनदहाड़े बजरंग दल के गुंडे रोक रहे हैं। सुरक्षा कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की की गई। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव के गिरफ्तारी के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के बाद कलेक्ट्रेट घेराव करने पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बैरिकेट तोड़कर दूसरे बैरिकेट तक पहुंचे, जहां पुलिस और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच भी धक्का-मुक्की हुई।

# शिक्षा विभाग के सहयोग से नवोदय विद्यालय ने हासिल की शानदार उपलब्धि

कछूबंजारी (दावा)। गत 23 अगस्त को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा संबंधित मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौंकी जिला स्तरीय समीक्षा बैठक मोहला में आयोजित की गयी। जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है।प्रवेश की अंतिम तिथि 16 सितंबर 2024 हैं।





जिले के समस्त विद्यार्थियों के पंजीयन हेतु स्वामी आत्मानंद विद्यालय मोहला में आयोजित समीक्षा बैठक में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौंकी के जिला शिक्षा अधिकारी फतेह सिंह के उपस्थिति में जिले के समस्त बीआरसी, समस्त प्राचार्य सर्व प्रधान पाठक एवं समस्त संकुल समन्वयक को संबोधित किया। संयुक्त जिला राजनांदगाँव में अध्यनरत पांचवी कक्षा के समस्त विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत पंजीयन होना अति आवश्यक है।इस अवसर पर मोहला के विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र देवांगन, मानपुर के विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री कौर जी एवं अंबागढ़ के विकासखंड शिक्षा अधिकारी धीवर जी एवं समस्त बीआरसी उपस्थित थे।

संस्था के प्राचार्य संजय कुमार मंडल ने बैठक में बताया कि सर्वश्रेष्ठ नवोदय विद्यालय के प्रवेश परीक्षा पंजीयन के लिए मोहला के विकास खंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र देवांगन एवं छुरिया विकास खंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कछूबंजारी के शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी संयुक्त जिला राजनांदगांव के जिला स्तर पर अग्रणी भूमिका निभाने के लिए पूर्व में दो-तीन बार सम्मानित हो चुके हैं। श्री देवांगन जी मोहला के सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी के रूप में एवं श्रीकुरेटी जी कछूबंजारी के संकुल समन्यक के रूप में पिछले सत्रों में उनके कार्य अत्यंत ही सराहनीय रहा। राजनांदगांव जिला नवोदय प्रवेश परीक्षा के पंजीयन में कई वर्षों से भारत में अग्रणी रहा है द्य इसका श्रेय संपूर्ण संयुक्त जिला राजनांदगाँव के समस्त संकुल समन्वयक, समस्त प्रधान पाठक, समस्त बीआरसी एवं समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी को जाता है जिले के समस्त अधिकारी पंजीयन के कार्य में नवोदय विद्यालय के साथ सदैव जुड़े हुए हैं इसी वजह से नवोदय विद्यालय परीक्षा पंजीयन में भारत में डोंगरगढ़ नवोदय विद्यालय प्रथम स्थान पर रहा है। श्री मंडल ने इस अवसर पर नवोदय विद्यालय की अनेक उपलब्धियों के बारे में सारगर्भित जानकारी दी।

# अपने बच्चे के जन्मदिन पर शिक्षक श्रीवास्तव ने कराया बच्चों को न्योता भोजन



गंडई पंडरिया (दावा)। नगर के नजदीकी स्थित शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सर्राकापा में 22 अगस्त गुरुवार को संकुल समन्वयक शिक्षक राजेश श्रीवास्तव ने अपने सुपुत्र दिव्यांश श्रीवास्तव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में स्कुल के बच्चों को न्योता भोजन कराया, जिसमें फल, मिठाई, सलाद, पापड़, खीर , पुड़ी एवं चांवल- दाल , सब्जी परोसा गया।

उक्त कार्यक्रम में शाला के शिक्षक सरोज ताम्रकार, कल्याणी नेताम, मयाराम राठौर,देवेन्द्र साहू, भागचंद साहू, महेश वर्मा एवं उमाशंकर पटेल एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं महिला स्व-सहायता समूह सदस्य ने जमकर प्रशंसा की साथ ही कार्यक्रम में अपना सहयोग भी दिया।

# पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ अपमान जनक टिप्पणी से बिफरा मुस्लिम समुदाय

राजनांदगांव (दावा)। इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगंबर मुहम्मद साहब के बारे अपमान जनक टिप्पणी किए जाने को लेकर मुस्लिम समाज भड़क गया है और उक्त टिप्पणी करने वाले संत रामगिरी के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज के लिए मुतवल्ली रईस अहमद शकील के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। कलेक्टर की अनुपस्थिति में एसडीएम को महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू के नाम सौपै गए ज्ञापन में कहा गया है कि महाराष्ट्र अहमदनगर के ग्राम सराला निवासी सद्गुरू गंगांगिरी महाराज संस्थान के संस्थापक रामगिरि द्वारा सारी दुनिया के लिये रहमत बनकर आये अल्लाह के पैगम्बर (हजरत मुहम्मद साहब) पर अपमानजनक टिप्पणी कर सभी मुस्लिम समाज को आहत पहुंचाया गया है। रामगिरी द्वारा भ्रामक बातें फैलाई जाने से भारत में विवाद की पैदा होने व वातावरण दूषित करने के साजिश होने की संभावना बढ़ गई है। इसे एक प्रकार से हिंदुस्तान मे आतंक फैलाने की साजिश करार देते हुए जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी द्वारा कहा गया है कि पूरी दुनिया के सबसे सच्चे महापुरुष पर एक अज्ञान व्यक्ति द्वारा टिप्पणी करना देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व का अपमान है। शहर के मस्जिदों से नमाज पढ़कर निकले जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के मुतवल्ली रईस अहमद शकील, हाफिज मोहम्मद, हाजी मोहम्मद फारुख, सैयद अली गुड्डु, असगर अली, हाजी अनवर साहब, मोहम्मद हसन आदि द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में राष्ट्रपति महोदया से आग्रह किया गया है कि समाज में ज़हर घोलने वाले अपराधी संत को तुरंत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जाए व इस विषय पर त्वरित कार्यवाही का पुलिस को निर्देश देकर देश के शांत माहौल को अशांत होने से पहले ऐसे देशद्रोही पर पर अंकुश लगाये और ताकि अमन कायम हो सके।



मामला दर्ज करने सौंपा गया ज्ञापन

## पुरानी रंजीश को लेकर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रार्थीया नगीना बाई बाघमारे पति मालिक बाघमारे उम्र 52 साल निवासी पाटेकोहरा वार्ड नंबर 12, 22 अगस्त को थाना आकर जबानी रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके लडका डीकेन्द्र बाघमारे रक्षाबंधन मनाने के लिये ग्राम पाटेकोहरा गया था। दिनांक 22 अगस्त के करीबन 04:45 बजे ग्राम बोरतलाव आये तो देखा मेरा भतीजा मेरे घर के ताला को तोड़कर अपना ताला लगा दिया था जिसे खोल रहा था, तो पुरानी रंजिश को लेकर अरविंदन नंदेश्वर व उसकी पत्नि रोशनी नंदेश्वर द्वारा दोनों एक राय होकर अश्लील गाली गुफ्तार करने लगा, जो सुनने में बुरा लग रहा था। मना करने पर अरविंद नंदेश्वर द्वारा बांस के डंडा लाकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया। मारपीट करने से मेरे दाहिने हाथ मरोड कर, डंडा से मारपीट किया व मेरे लडके डिकेन्द्र बाघमारे बांये हाथ, व आंख के पास चोट आया है। घटना को मालिक बाघमारे, अमर नंदेश्वर, बंटी नंदेश्वर देखे एवं छुडवाये है। पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया।

# भूपेश द्वारा दुर्ग ले जाए गए दफ्तरों को रमन वापस ला रहे - राजेंद्र गोलछा

राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ में 5 साल तक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार रहने के दौरान श्री बघेल दुर्भावनावश अनेक दफ्तरों को राजनांदगांव से अपने गृह जिला दुर्ग ले गए थे। जिन्हें सत्ता परिवर्तन होने के बाद यहां के विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा वापस लाए जाने का क्रम शुरू हो गया है।



क्रेडा का संभागीय दफ्तर राजनांदगांव में लाने के साथ शुरुआत

जिला भाजपा महामंत्री राजेंद्र गोलछा ने यह जानकारी देते हुए कहा कि डॉ. रमन सिंह ने शासन से बात करके राजनांदगांव में क्रेडा का संभागीय कार्यालय राजनांदगांव में खुलवा रहे हैं। यह राजनांदगांव के लिए बड़ी उपलब्धि है कि उन्हें खोया गौरव वापस मिलने लगा है। इसके लिए श्री गोलछा विधानसभा अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया है।

श्री गोलछा ने आगे कहा कि प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की पहल पर राजनांदगांव जिले को क्रेडा के जोनल दफ्तर की सौगात मिली है। कांग्रेस सरकार में यहां से दुर्ग शिफ्ट किए गए सरकारी दफ्तरों को भी शीघ्र वापस यहां लाए जाने की भी तैयारी है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने यह वायदा किया था। कि वे राजनांदगांव से शिफ्ट किए गए। सरकारी दफ्तरों को वापस यहां लाएंगे। इसी के तहत डॉ. सिंह ने क्रेडा के जोनल दफ्तर स्थापित करने शासन स्तर पर पहल की। सूत्रों ने बताया कि राज्य शासन ने इस प्रस्ताव पर तत्काल मंजूरी दे दी है। राजनांदगांव में अभी तक क्रेडा का जिला स्तर का दफ्तर था। लेकिन अब यहां जोनल दफ्तर शुरू होगा। इस दफ्तर के अधीन राजनांदगांव के साथ-साथ खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-चौकी तथा बालोद जिले को शामिल किया गया है।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिन पर बधाई देने पहुंचे खैरागढ़ के कांग्रेसी

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिन पर विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा के साथ कांग्रेसी यो ने रायपुर स्थित उनके निवास पहुंच कर बधाई दी। भूपेश बघेल शुक्रवार 23 अगस्त को अपना 61वां जन्मदिन सादगी पूर्ण मनाया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग उन्हें बधाई देने पहुंचे। इसी कड़ी में खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा समेत कांग्रेस जनो ने आज छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिन पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देने उनके निवास पदुम नगर भिलाई 3 में जाकर भूपेश बघेल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके दीर्घायु होने की कामना की।



विधायक यशोदा वर्मा ने भूपेश बघेल की दीर्घायु होने की कामना की

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य नीलांबर वर्मा, जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू, आकाशदीप सिंह गोल्डी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, भीखमचंद छाजेड़ अध्यक्ष शहर ब्लॉक कांग्रेस, पदम कोठारी, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नदीम मेमन गैंदलाल कुर्रे, नरेंद्र सेन, पूरन सारथी, रविन्द्र गहरवार, महेश साहू, रतन सिंगी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## खुज्जी में राम धुनी प्रतियोगिता 26 एवं 27 को

खुज्जी (दावा)। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर दो दिवसीय राम धुनि प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्राम वासियो के सहयोग से किया जा रहा है जिसमें ख्याति लब्ध मंडलियां अपनी प्रस्तुति। देंगी आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि 26 अगस्त श्री कृष्ण जन्माष्टमी को प्रतियोगिता का सुभारम्भ होगा तथा दिनांक 27 अगस्त को प्रतियोगिता के समापन पश्चात गोविंदा उत्सव धूम-धाम से मनाया जाएगा उन्होंने उक्त कार्यक्रम में अधिक अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने पीएम जनमन लाभार्थी संतृप्ति शिविर रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

खैरागढ़ (दावा)। जिले के प्रभारी एवं वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने समीक्षा बैठक खत्म होने के बाद पीएम जनमन लाभार्थी संतृप्ति शिविर रथ को हरी झंडी दिखाकर जिला कार्यालय परिसर से रवाना किया। इस दौरान प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने पीवीटीजी योजना के तहत दो हितग्राही को पूर्णतः आवास प्रणाम पत्र और 4 लोगों को जाति प्रमाण का वितरण किया।

जिले के प्रभारी लखन लाल देवांगन, सांसद संतोष पांडे एवं विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा को बुनकर सोसायटी समिति द्वारा निर्मित शॉल भेंट की गई गई। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा और पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल भी उपस्थित रहें। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए, कहा कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) योजना का क्रियान्वयन जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में अगस्त 2023 से किया जा रहा है। इसका उद्देश्य अति पिछडी विशेष जनजाति 'बैगा' को केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाकर उनके चिन्हांकित बसाहटो को संतृप्त किया जाना है।





सांसद संतोष पांडे और विधायक यशोदा वर्मा भी रहें उपस्थित

जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के विकासखण्ड छुईखदान में कुल 47 बैगा बसाहटों का चिन्हांकन किया गया है। जिसमें कुल 1589 परिवार एवं 4817 बैगा सदस्य निवासरत है। इन बसाहटों को योजना अंतर्गत मूल रूप से दो प्रकार की गतिविधियाँ पहला-तात्कालिक जिसमें आधार कार्ड, जनधन खाता, आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, आदि का पंजीयन किया जाना है। दूसरा मूलभूत सुविधाएं जिसमे 9 विभागों की 11 गतिविधियाँ शामिल है जैसे आवास, सड़क, नल से जल, विद्युत, सोलर ऊर्जा, आंगनबाडी केन्द्र, प्राथमिक शाला, बहुउद्देशीय केन्द्र, छात्रावास, वनधन केन्द्र आदि की सुविधाएं दिया जाना है। पीएम जनमन योजना के तहत द्वितीय चरण में लाभार्थी संतृप्ति शिविर का आयोजन शुक्रवार 23 अगस्त से 10 सितंबर तक किया जायेगा। जिसमें कुल 10 स्थानों में शिविरों का आयोजन कर कुल 47 बसाहटों के संतृप्ति का कार्य किया जाएगा, जिसमें मुख्यतः आधार कार्ड, राशन कार्ड, जनधन खाता, आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जाति प्रमाण पत्र, वन पट्टा, सिकल सेल जांच आदि कार्य किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि माह सितंबर के प्रथम सप्ताह में प्रधानमंत्री का संवाद कार्यक्रम मेगा इवेंट के तहत् आयेजित है, जिसका कार्यक्रम छुईखदान में आयेजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में टू-वे कनेक्टिवीटि की व्यवस्था भी की जायेगी। इस अवसर पर डीएफओ आलोक तिवार, अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर द्वय सुरेन्द्र कुमार ठाकुर एवं श्रीमती सुमन राज, खैरागढ़ एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू और छुईखदान एसडीएम रेणुका रात्रे, आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त श्रीकांत शुक्ला सहित जनप्रतिनिधिगण एवं जिला अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# शिवनाथ नदी में हेमाद्रि संकल्प व श्रावणी दस स्नान की बिखरी छटा

राजनांदगांव (दावा)। श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को गायत्री शक्तिपीठ द्वारा हर वर्ष की तरह मोहारा स्थित शिवनाथ नदी में8 हेमाद्रि संकल्प व श्रावणी दस स्नान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त आयोजन मे बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों व सत्य सनातन धर्मी जन सम्मिलित हुए । इस दौरान वैदिक मन्त्रोंच्चार के बीच शिवनाथ नदी की जलधारा में प्रवेश कर उपस्थित परिजनों ने दूध, दही, घी,शहद, कुशा, गोमूत्र औषधि, गोमल, गोमूत्र, भस्म, गंगाजल आदि दस प्रकार के स्नान किया, और अपने तन-मन की शुद्धि करते हुए नए यज्ञोपवीत धारण किया गया। इस दौरान नदी तट में इस अनुष्ठानिक आयोजन की विहंगम छटा बिखरी रही। लोग इस अनुष्ठानिक आयोजन को आश्चर्य मिश्रित ढंग से देखते रहे।

### श्रावणी पर्व पर सृष्टि सृजन

बता दें कि शिवनाथ में श्रावणी दस स्नान के पश्चात नदी तट पर आयोजित तीन कुंडीय गायत्री यज्ञ में वैदिक मन्त्रों के साथ आहुतियां प्रदान की गई और सर्वे भवन्तु सुखिन~ की कामना करते हुए परिजनों ने धरती को हरा- भरा रखने के लिए एक-एक पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया।

इस अनुष्ठानिक आयोजन को वैदिक विधि-विधान से संचालित कर रहे गायत्री शक्तिपीठ के पुरोहित सुखनंदन जी ने बताया कि हरियाली पर्व पर ही इस सृष्टि का सृजन?? हुआ। क्षीर सागर में शेष सैंया में लेटे पार ब्रहम परमेश्वर श्री हरि को एक अकेले रहना नहीं भाया और उन्होंने एकोहम, बहुश्याम की भावना की, फिर गायत्री शक्ति की स्फुरणा होते ही एक-एक कर स्थावर- जंगम के पादप व अन्य जीव- जंतु पैदा होते चले गए। पुरोहित जी ने बताया कि श्रावणी पूर्णिमा के दिन ही मां गायत्री शक्ति से वेदों का प्रादुर्भाव हुआ था। यही वजह है कि ?आदि शक्ति मां गायत्री वेदमाता ?कही जाती है। शिवनाथ नदी में श्रावणी स्नान सहित नदी तट पर आयोजित यज्ञीय आयोजन व वेद पूजन आयोजन में अहमदाबाद (गुजरात) से पधारे हंसमुख भाई ठक्कर, वरिष्ठ गायत्री परिजन सालिकराम साहू, मुरलीधर चौधरी, धनसाय साहू, डॉ,दुलेश्वर ,हरिश गांधी, गौतम देवांगन, व्यास नारायण कौशिक,भारत देवांगन,रमेश च्यवन,केशव देवांगन, देवशरण, नृपाराम, आदि सहित बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबी उपस्थित थे।



गायत्री परिजनों ने यज्ञ आयोजित कर पौधरोपण का लिया संकल्प

### रक्षासूत्र बंधन

गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक भाई ओमप्रकाश जी ने बताया कि श्रावणी मास के अंतिम सोमवार को भगवान शिव पूजन सहित सम्पन्न हुए उक्त अनुष्ठानिक आयोजन में अंत~ व बाह्य अंत~ करण? से पवित्र व परिशुद्ध हुए परिजनों ने घर आकर अपनी प्यारी- प्यारी बहनों से राखी बंधवाई और उन्हे शुभाशीष सहित शगुन उपहार प्रदान किया । इस दौरान वैदिक मन्त्रोंच्चार के बीच शहर की जीवन दायिनी शिवनाथ नदी में दस प्रकार से स्नान कर परिशुद्ध हुए अपने भाईयों की कलाई में राखी बांध कर बहनों ने भीअपने- आप में अनुष्ठानिक दिव्यता का अनुभव किया। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक ने बताया कि आगामी वर्षों में शिवनाथ नदी में श्रावणी स्नान पश्चात शहर? के किसी गायत्री परिजन के यहां उक्त महायज्ञीय अनुष्ठानिक आयोजन की व्यवस्था की जाएगी।

# गोण्डवाना भवन मोहला में आयोजित की गई गोड़ समाज की संभागीय बैठक





समाज के बायलॉज निर्माण करने तथा अन्य विषयों पर की गई चर्चा

राजनांदगांव (दावा)। गत दिनों मोहला-मानुपर-अंबागढ़ चौकी जिले के गोण्डवाना भवन मोहला में गोण्डवाना महासभा मोहला की संभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में गोण्डवाना महासभा मोहला के बायलॉज निर्माण करने तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में गोण्ड समाज के संभागीय अध्यक्ष नरेन्द्र नेताम, संरक्षक हीरेसिंह घावड़े एवं मोहन हिड़को सहित पूर्व संभागीय अध्यक्ष सुरेश दुग्गा, संभागीय कोषाध्यक्ष तुलसी राम मरकाम, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष चंद्रेश ठाकुर, संभागीय सचिव कुमार कोरेटी, कार्यकारिणी सदस्य एवं सर्व आदिवासी समाज जिला बालोद के अध्यक्ष तुकाराम कोर्राम के अलावा ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद टेकाम, मानसाय बोगा, दिनेश कोरेटी, बाबूराव हिडको, छबिलाल वट्टी, आत्माराम कवडो के अलावा मोहन सिंह हिडको, पदुम सिंह तोप्पा, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष मन्ने मण्डावी, सचिव पुरूषोत्तम मण्डावी, कोषाध्यक्ष लखन सोरी, संजय तारम सहित अन्य समाज प्रमुखगण उपस्थित थे।

बैठक में समाज प्रमुखों के द्वारा सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण के विषय को लेकर आदिवासी समाज के लिए वर्गीकरण के निर्णय का विरोध करते हुए इस निर्णय को वंचित समाज के हितों के ऊपर कुठाराघात बताया। समाज प्रमुखों ने सर्वसम्मति से इस निर्णय का पूरजोर विरोध करने की बात भी कही। इस अवसर पर सामाजिक पदाधिकारियों ने समाज के प्रमुख पदाधिकारी तुकाराम कोर्राम के सर्व आदिवासी समाज के

# विपक्ष की आवाज दबा रही साय सरकार: चौबे

## धरना-प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश भाजपा सरकार की तानाशाही पर जमकर बरसे




राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश की भाजपा सरकार की अकर्मण्यता के चलते ही बलौदाबाजार में आगजनी जैसी भयावह घटना घटी है अब प्रदेश की भाजपा सरकार अपनी नाकामी छिपाने तानाशाही रवैया अपनाते हुए कांग्रेस नेताओं पर षडयंत्रपूर्वक कार्यवाही कर कांग्रेस विधायक देवेन्द्र यादव एवं युवक कांग्रेस-एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं को एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर 24 अगस्त को कांग्रेस द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन कर भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाएं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन प्रभारी रविन्द्र चौबे की उपस्थिति में शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को दोपहर 12 से 03 बजे तक महावीर चौक फ्लाई ओव्हर के नीचे धरना-प्रदर्शन कर प्रदेश की तानाशाह भाजपा सरकार पर कांग्रेसजनों ने जमकर हल्ला बोला। इससे पूर्व सर्वप्रथम अंहिसा के पुजारी बापू महात्मा गांधी के तैलचित्र पर कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

धरना-प्रदर्शन प्रभारी व पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे ने उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे युवा विधायक देवेन्द्र यादव सहित कांग्रेस नेताओं पर षडयंत्रपूर्वक राजनैतिक द्वेष के चलते पुलिस कार्यवाही कर जेल भेज रही है। हम कांग्रेस अंग्रेजों से नहीं डरे तो इस भाजपा सरकार से क्या डरेंगे। प्रदेश की भाजपा सरकार सतनामी समाज को बदनाम कर उनकी एकता को तोड़ने की कोशिश कर रही है। आठ माह की साय सरकार पूर्णतः विफल सरकार है। पूर्ववती कांग्रेस सरकार की जनहितकारी योजनाओं को साजिश के तहत बंद कर रही है। आज गौठान बंद हो गए है आवारा मवेशी रोड़ में आ रहे हैं जिससे दुर्घटनाएं बढ़ गई है वहीं आत्मानंद स्कूल बंद होने के कगार पर है। राज्य की भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज दबाने का कार्य का रही है और अपनी सारी विफलताओं को साय सरकार छूपा रही है और ईडी और सीबीआई भेजकर कांग्रेस नेताओं को डराने का असफल प्रयास कर रही है।

पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने प्रदेश की साय सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार व पुलिस बताये कि किन भाजपा नेताओं को नोटिस दिया है किससे पूछताछ की गयी। भाजपा सरकार का चरित्र और व्यवहार 8 माह में ही अलोकतांत्रिक हो गया है। विपक्ष के विधायक को झूठे मुकदमें में फंसा कर गिरफ्तार किया गया। मामले में सतनामी समाज और कांग्रेस के लोगों को चिन्हांकित करके उनको जेलों में डाला गया। हम सरकार से न्याय संगत कार्यवाही की माग करते है।

धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि साय सरकार अपनी नाकामी छुपाने विपक्ष के नेताओं को परेशान कर रही है। विधायक देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी भाजपा सरकार की बौखलाहट है जबकि बलौदाबाजार में हुई आगजनी की घटना शासन-प्रशासन की बड़ी लापरवाही और सरकार के इंटेलिजेंस के फेल होने के कारण हुई है। जबकि इस पूरे आंदोलन में भाजपा के जिलाध्यक्ष सनम जांगडे सहित अन्य भाजपा नेताओं की भूमिका की जांच होनी चाहिए किन्तु भाजपा सरकार कांग्रेस नेताओं को टारगेट बनाकर काम कर रही है। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस नेता लगातार प्रदेश की भाजपा सरकार की नाकामियों को उजागर कर रही है तो इससे भयभीत होकर भाजपा सरकार बौखलाकर कांग्रेस नेताओं पर षंडयंत्रपूर्वक कार्यवाही कर डरा रही हैं जबकि कांग्रेस न तो डरती है, न डरने वाली वाली है। साय सरकार की अकर्मण्यता के चलते ही बलौदाबाजार में कानून व्यवस्था बिगड़ी है। यदि समय रहते जैतखाम को क्षति पहुंचाने वालों पर कार्यवाही की गई होती तो ऐसी अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होती।

धरना प्रदर्शन को डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, जितेन्द्र मुदलियार, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, शाहिद खान, थानेश्वर पाटिला, मेहुल मारू, श्रीकिशन खंडेलवाल, महापौर हेमा देशमुख, रूपेश दुबे, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, शारदा तिवारी, इकरामुद्दीन सोलंकी, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, अशोक फडनवीस, योगेन्द्र प्रताप सिंह, अमित खंडेलवाल, मनीष गौतम, माया शर्मा, मानव देशमुख, नीरज कन्नौजे, पार्षद मधुकर बंजारे, अजय छेदैया, पूर्णिमा नागदेवे, सिद्धार्थ डोंगरे, ऋषि शास्त्री, पवन तिवारी, संजय साहू ने संबोधित किया। उपस्थित कांग्रेसजनों का आभार प्रदर्शन उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली ने किया।

# जंगली भालू के हमले से व्यक्ति घायल, बोरतलाव क्षेत्र में दहशत

## घायल को प्राथमिक उपचार के बाद राजनांदगांव रेफर किया गया



डोंगरगढ़ (दावा)। हाल ही में विकासखंड के ग्राम शिवनी कला व छपरा में वन प्राणी तेंदुआ के पद चिन्ह मिलने की जानकारी से ग्राम में आज भी दहशत का माहौल है। इस बीच बोर तलाव क्षेत्र के घनी आबादी के पास विचरण करने गए ग्रामीण पर वन्य प्राणी भालू के झुंड द्वारा प्राण घातक हमला करने का मामला प्रकाश में आया है।

बोरतलाव सरपंच प्रतिनिधि प्रकाश से प्राप्त जानकारी के अनुसार वनांचल क्षेत्र ग्राम बोरतलाव के समीप ग्राम कुरेझर के ग्रामीण के ऊपर तीन भालुओं ने सयुक्त रूप से हमला कर दिया था। ग्रामीण की हालत गंभीर है। उसके सिर पर गंभीर चोंट के निशान दिखाई दे रहे है। अधेड़ ग्रामीण का नाम चयन लाल उइके बताया गया।ग्रामीण सुबह विचरण कर रहा था। उसी दरमियान भालुओं ने ग्रामीण पर जोरदार हमला कर दिया। घायल ग्रामीण को डोंगरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ लाया गया था जिसके बाद हालात गंभीर होने के कारण घायल ग्रामीण को राजनादगांव रेफर किया गया है।

# आल इंडिया स्तर की नीट परीक्षा में डॉ. रिषभ ने बनाया सुयश



राजनांदगांव (दावा)। शहर के पोहा इण्ड्रस्ट्रीज व्यवसायी मोतीलाल ढेलडिया के सुपुत्र रिषभ ढेलडिया ने आल इण्डिया स्तर की नीट परीक्षा में अपना सर्व श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सुयश बनाया है। रिषभ की इस उपलब्धि से उनके घर-परिवार वालों व परिजनों सहित जैन समाज में खुशी का माहौल है। बता दे कि जे.आर. पोहा इण्डस्ट्रीज के संचालक मोतीलाल जी के सुपुत्र व स्व. जशराज ध.प. गुलाबी बाई प्रपौत्र डॉ. रिषभ ढेलडिया ने आल इंडिया स्तर पर आयोजित नीट परीक्षा 2024 में 2029 का रैंक हासिल किया है। डॉ. रिषभ के इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके माता पिता मोतीलाल/ किरण जैन, बहन रिषिका जैन, बड़े पापा-बड़ी मम्मी, चाचा-चाची सहित समस्त ढेलडिया परिवार व उनके इष्ट मित्रों तथा जैन समाज के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं और रिषभ के उत्तरोत्तर प्रगति व उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी : 50 सखाओं के कंधों पर बैठकर नगर भ्रमण करेंगे भगवान कृष्ण, तीन दिवसीय महोत्सव में आयेंगे सीएम साय

## आज शहर में यादव समाज की निकलेगी भव्य बाईक रैली, जय यादव, जय माधव की रहेगी गूंज




### सर्व यादव समाज के ऐतिहासिक आयोजन में हजारों की संख्या में जुटेंगे यादव बंधु

राजनांदगांव (दावा)। शहर में हर बार की तरह इस बार भी भादो मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को यादव समाज द्वारा अपने आराध्य देव भगवान श्री कृष्ण की जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

इस बार कोसरिया, झरिया व ठेठवार यादव समाज द्वारा सर्वयादव समाज के बैनर तले शहर में तीन दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व का एतिहासिक आयोजन मनाकर किया जाएगा। इस संबंध में प्रेस वार्ता आयोजित कर पूर्व सांसद व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व समाज के वरिष्ठ मधुसूदन यादव ने बताया कि इस वर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर भगवान श्री कृष्ण की पालकी यात्रा की धूम रहेंगी। वहीं तीन दिनों तक शहर में यादव समाज के श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व का जलवा बिखरा रहेगा।

### आज निकलेगी भव्य बाईक रैली

प्रेस वार्ता में सर्व यादव समाज के अध्यक्ष दुर्गेश यादव ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के उपलक्ष्य में आज 25 अगस्त को शहर में धूमधाम से बाईक रैली निकाली जाएगी। जिसमें जय यादव जय माधव के जयकारा के साथ लगभग 500 से अधिक यादव बंधु गण शामिल होंगे। बाईक रैली में महिलाएं प्रथम पंक्ति में लाल साडी, सूट व भगवा पगड़ी के साथ यादव शौर्यता का परिचय देंगी। बाईक रैली का शुभारंभ दोपहर 3 बजे स्टेट स्कूल मैदान से समाज के संरक्षक मा. मधुसूदन यादव पूर्व सांसद झंडी दिखाकर करेंगे। बाईक रैली स्टेट स्कूल मैदान से महावीर चौक, भगत सिंह चौक, गायत्री मंदिर चौक से रामाधीन मार्ग होकर तिरंगा चौक, भारत माता चौक, बसंतपुर थाना चौक, नंदई चौक, इंदिरा चौक, महामाया चौक बसंतपुर होकर गौरव पथ होते हुए दुर्गा चौक, गाँधी चौक, मानव मंदिर चौक, फवारा चौक, गुरुद्वारा चौक से होकर स्टेट स्कूल मैदान में बाईक रैली का समापन होगा।

### सांहड़ा देव पूजन व पालकी यात्रा

समाज के राधेलाल यादव ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि सोमवार 26 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर प्रातः 08 बजे महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल के पास स्थित साँहड़ा देव की पूजा- अर्चना होगी जिसमें विशेष रूप से समाज के संरक्षक मधुसूदन यादव दम्पति की मौजूदगी बनी रहेगी तथा समाज प्रमुखों की उपस्थिति में उक्त पूजा कार्यक्रम धूमधाम के साथ संपन्न किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर दोपहर 12 बजे पहली बार महाकाल पालकी यात्रा के तर्ज पर यादव समाज द्वारा भगवान श्री कृष्ण जी की पालकी यात्रा का शुभारंभ साँहड़ा देव की पूजा अर्चना के साथ 50 श्रीकृष्ण कन्हैया पालकी सखा के कंधों पर विराजमान होकर स्टेट स्कूल मैदान पहुंचेंगे।

दोपहर 12 बजे से नगर भ्रमण के लिये निकलेंगे। श्री जन्माष्टमी पर विशाल शोभायात्रा श्री कृष्ण पालकी के ठीक आगे चलित 50 मातृत्व शक्ति लाल पीला परिधान में झांझ-मजीरा से गुंजित श्री कृष्ण भक्ति मय राधे राधे जय श्री कृष्ण वातावरण तैयार करते चलेंगी। इस दौरान महिला पुरुष पीला परिधान में सुसज्जित यादवी एकता का परिचय देंगे। इस बीच 101 बाल कृष्ण एक साथ अपना दर्शन देंगे। शोभायात्रा में लगभग 21 झांकियां भगवान श्री कृष्ण जी की विभिन्न लीला को प्रदर्शित करती नजर आएंगी।

### झाँकियों के बीच राउत नृत्य, भजन मंडली, अखाड़ा का प्रदर्शन आकर्षण के केंद्र रहेंगे

शोभायात्रा में मनोरम झांकियां स्टेट स्कूल मैदान से निकल कर महावीर चौक, भगत सिंह चौक, गायत्री मंदिर चौक से सुभाष द्वार से होकर भारत माता चौक, बसंतपुर थाना चौक, दुर्गा चौक, गांधी चौक, मानव मंदिर चौक, फव्वारा चौक, गुरुद्वारा चौक से होकर स्टेट स्कूल मैदान में शोभा यात्रा का विधिवत रुप से समापन होगा।

शोभायात्रा की मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती हेमा देशमुख होगी व अध्यक्षता कुलबीर छाबड़ा अध्यक्ष नगर जिला कांग्रेस कमेटी करेंगे। विशेष अतिथियों में जीतू मुदलियार पूर्व अध्यक्ष युवा आयोग छ.ग., आसिफ अली अध्यक्ष उत्तर ब्लाक नगर कांग्रेस कमेटी राज, सूर्यकांत जैन अध्यक्ष दक्षिण ब्लाक नगर कांग्रेस कमेटी राज आदि भी उपस्थिति देकर यादव समाज को समय दिया है।

### आडिटोरियम में सांस्कृतिक आयोजन

श्री कृष्ण जी जन्माष्टमी के अंतिम दिवस को प्रातः 11 बजे से गोविंदराम निर्मलकर अडिटोरियम में समाज के बच्चों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ यादव प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारंभ श्री राधा कृष्ण की पूजा अर्चना से होगा।

इस ऐतिहासिक आयोजन में नगर के साथ साथ जिला के सर्किल, तहसील पदाधिकारीगण भी अपनी उपस्थिति देकर यादवी एकता का परिचय देंगे। इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे डॉ. रमन सिंह पूर्व मुख्यमंत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष होंगे। विशेष अतिथियों में संतोष पांडे सांसद, मधुसूदन यादव पूर्व सांसद, पद्मश्री फुलबासन यादव समाजसेवी, महाकाल भक्त पवन डागा आदि होंगे। इस अवसर पर समाज के सुदेश यादव, के आर यादव, गरीबाराम यादव व समाज की महिला अध्यक्ष श्रीमती सुशीला बाई यादव सहित बड़ी संख्या में यादव समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

# हलषष्ठी पर माताओं ने की पूजा-अर्चना



राजनांदगांव ( दावा )। नगर में आज माताओं द्वारा संतान के सुख और उनके दीर्घायु के लिए आज हलषष्ठी पर्व को उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। महिलाएं एक जगह एकत्रित होकर सगरी बनाती है और भगवान शंकर, माता पार्वती और गणेश की प्रतिमा बनाकर पूजा अर्चना की। माताएं उपवास रखकर पूजा अर्चना कर पसहर चावल के भात और छह प्रकार की भाजी से बनी सब्जियां खाकर पारणा किया।

**आवश्यकता है**

रात्रिकालिन चौकीदार एवं हेल्पर की आवश्यकता है।


-: संपर्क करें :-
दैनिक दावा
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो. 9300414726

# नंदोत्सव पर मुंबई के जतिन विनोद अग्रवाल की भजन संध्या 27 अगस्त को

**गायत्री विद्या पीठ ऑडिटोरियम में होगा आयोजन**



राजनांदगांव (दावा)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर नंदोत्सव का भव्य कार्यक्रम स्थानीय गायत्री विद्यापीठ ऑडिटोरियम केशर नगर में 27 अगस्त मंगलवार को रात्रि 7:30 बजे से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में श्री गोविंद की गली वृंदावन के सूत्रधार गोलोकवासी विनोद अग्रवाल के सुपुत्र जतिन विनोद अग्रवाल, मुंबई के सुमधुर भजनों का आनंद संस्कारधानी नगरी के रसिक श्रोता प्राप्त करेंगे। श्री गोविंद की गली वृंदावन परिवार से जुड़े घनश्याम अग्रवाल, गायत्री विद्यापीठ के बृजकिशोर सुरजन एवं हरीश गांधी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार भाव भरे भजनों के लिए विख्यात मुंबई निवासी जतिन विनोद अग्रवाल के श्रीमुख से भजनों की अमृत गंगा प्रवाहित होगी। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण गोविंद की गली के यू-ट्यूब चैनल से किया जाएगा। आयोजन समिति ने नगर के रसिक श्रोताओं से आग्रह किया है कि समय पूर्व केशर नगर स्थित गायत्री विद्यापीठ ऑडिटोरियम पहुंचकर भजनों के आनंद के साथ धर्मलाभ प्राप्त करें।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com